रीवा
26 मई 2025 सोमवार

दैनिक मीडियाऑडीटर
रीवा, सतना से एक साथ प्रकाशित



राहुल को टी20... @ पेज 7

# रीवा में कार्यपालन यंत्री का वीडियो, बोले- विधायक के मामले में उपयंत्री को बचाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। रीवा के ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में पदस्थ कार्यपालन यंत्री तीरथ प्रसाद गुर्दवान एक बार फिर विवादों में हैं। सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दावा किया गया है कि उन्होंने बैकडेट में कागजातों में हेराफेरी कर उपयंत्री को सस्पेंड होने से बचाया।

वीडियो में गुर्दवान दावा करते दिख रहे हैं कि उन्होंने विधायक अभय मिश्रा की शिकायत पर कार्रवाई को टालते हुए जांच रिपोर्ट तक में फेरबदल किया।

इस वीडियो में कार्यपालन यंत्री टीपी गुर्दवान यह स्वीकारते नजर आ रहे हैं कि उन्होंने उपयंत्री अनितराज सिंह को कई बार बचाया। सेमरिया विधायक अभय मिश्रा की शिकायत पर कार्रवाई करने के बजाए बैकडेट में सीसी, एमबी में सुधार कर जांच प्रतिवेदन तक बदल दिया गया। गुर्दवान वीडियो में कहते हैं- मैं नहीं चाहता था कि मेरी कलम से किसी की नौकरी चली जाए।हालांकि कार्यपालन यंत्री ने आरोपों को निराधार बताया है।

**वीडियो में यह दावे किए गए हैं:** जनता ही नहीं, विधायकों की शिकायतें भी दबाईए गुर्दवान का ये कबूलनामा सिर्फ दस्तावेजी हेराफेरी तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रशासनिक तंत्र पर भी बड़ा सवाल खड़ा करता है। वीडियो में उन्होंने यह भी कहा है कि उन्होंने ना सिर्फ उपयंत्री को बचाया बल्कि कई बार जनप्रतिनिधियों की शिकायतों को भी नजर अंदाज किया।




**फर्जी डिग्री का मामला पहले से जांच में सिद्धः** टीपी गुर्दवान पर पहले से ही एएमआईई (सिविल इंजीनियरिंग) और एमए (सोशियोलॉजी) की फर्जी डिग्रियां लेने के आरोप सिद्ध हो चुके हैं। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद की जांच में ये आरोप सही पाए गए थे, जिसकी रिपोर्ट अब प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग दीपाली रस्तोगी को भेजी जा चुकी है।

**कमिश्नर कार्यालय में तीन महीने दबाकर रखी गई थी फाइलः** अभी और चौंकाने वाली बात ये सामने आई है कि अधीक्षण यंत्री अतुल चतुर्वेदी ने तीन महीने पहले ही इस मामले में अपना अभिमत देकर फाइल कमिश्नर कार्यालय भेज दी थी, लेकिन इसे दबाकर रखा गया। अब यह फाइल अंततः प्रमुख सचिव को भेजी गई है।

**गुर्दवान जून में हो रहे रिटायर, लेकिन खुद की नौकरी पर लगा दांवः** टीपी गुर्दवान इस साल जून के अंत में सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। लेकिन रिटायरमेंट से ठीक पहले उन्होंने खुद अपने मुंह से फर्जीवाड़े की बात कहकर न केवल अपनी साख को नुकसान पहुंचाया, बल्कि नौकरी पर भी खतरा खड़ा कर लिया है। जानकारों की मानें तो उपयंत्री को बचाते-बचाते गुर्दवान खुद फंसते नजर आ रहे हैं।

**विभाग के आरोपों को बताया निराधारः** इस पूरे मामले में कार्यपालन यंत्री की तरफ से लगाए गए आरोपों को विभागीय सूत्रों ने निराधार बताया है, लेकिन वायरल वीडियो ने प्रशासन की कार्यप्रणाली और जवाबदेही पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पहले की तुलना में कहीं अधिक तबाह हुआ नूर खान एयरबेस

**इस्लामाबाद (एजेंसी)**। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला ऐसा लिया है, जिसे दुश्मन देश पाकिस्तान हमेशा के लिए याद रखेगा। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। पाकिस्तान के कई आतंकियों को मार गिराया गया। साथ ही भारत ने अपने हवाई हमलों में पाकिस्तान के कई एयरबेस को तबाह कर दिया है। भारत के हमले में पाकिस्तान के रावलपिंडी में स्थित नूर खान एयरबेस को भी भारी नुकसान पहुंचाया गया है। जो कि पाकिस्तानी सेना के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। भारत के हमले को देख



पाक अधिकारियों के उड़े होश भारत के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पहले की तुलना में कहीं अधिक नुकसान नूर खान एयरबेस को हुआ है। एक ताजा आकलन से पता चलता है कि हमले वाली जगह के पास एक बड़ा परिसर ध्वस्त कर दिया गया है। भारतीय वायुसेना ने नूर खान एयरबेस पर इतना सटीक हमला किया कि पाकिस्तान के अधिकारियों के होश तक उड़ गए।नूर खान एयरबेस के नुकसान की नई सैटेलाइट इमेज इंटेल लैब के अनुसार, नूर खान एयरबेस की ताजा सैटेलाइट इमेज में क्षतिग्रस्त हुआ हिस्सा पहले की प्रारंभिक रिपोर्ट से कहीं अधिक है। रक्षा विश्लेषक डेमियन साइमन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, %पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस की समीक्षा से पता चलता है कि भारत के हमले के स्थान के पास का पूरा परिसर अब नष्ट हो चुका है, जिससे पता चलता है कि हमले का प्रभाव दो ट्रकों के बराबर वाली जगह से कहीं अधिक था। नई सैटेलाइट इमेज नूर खान एयरबेस के नुकसान को दिखाती है।

### इजरायल ने गाजा पर किया एक और बड़ा हमला

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी) (एजेंसी)।** इजरायली सेना ने रविवार को गाजा पर एक और बड़ा



हवाई हमला किया है। इस हमले में 2 बच्चों समेत 14 लोगों की मौत हुई है। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि रात भर गाजा पट्टी में इजरायली हमले होते रहे। इसमें कम से कम 14 फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें एक मां और उसके दो बच्चे भी शामिल हैं, जो एक तंबू के अंदर थे। इजरायल ने हमास द्वारा युद्धविराम का उल्लंघन करने के आरोप में सीजफायर को तोड़ दिया था। इसके बाद से लगातार गाजा पर हमले कर रहा है। इजरायल ने 7 अक्टूबर, 2023 को हुए हमले में अभी भी बंधक बनाए गए अपने 58 लोगों को वापस लौटाने की कसम खाई है। इजरायल ने पिछले सप्ताह गाजा को पहुंचाई जाने वाली खाद्य, रशद और अन्य चिकित्सीय सहायता तक को रोक दिया था। इजरायल का कहना है कि वह गाजा पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करने और 2 मिलियन फिलिस्तीनियों की अपनी आबादी के अधिकांश लोगों के स्वैच्छिक प्रवास को सुविधाजनक बनाने की योजना बना रहा है। बता दें कि यह एक ऐसी योजना जिसे फिलिस्तीनियों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के अधिकांश लोगों ने अस्वीकार कर दिया है, और जिसके बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अनुसार, यह हमला गाजा के मध्य शहर दीर अल-बलाह में विस्थापित लोगों के लिए बने एक तंबू पर हुआ, जिसमें मां, उसके दो बच्चे और एक अन्य रिश्तेदार की मौत हो गई।

## वंदे भारत समेत दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे पीएम मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को दो नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। इसमें एक ट्रेन वंदे भारत भी शामिल है। अपने गुजरात दौरे के दौरान पीएम मोदी सोमवार को दाहोद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दो ट्रेनों का शुभारंभ करेंगे। इस मामले की अधिक जानकारी देते हुए रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने कहा, दो नई ट्रेनों का उद्घाटन पीएम मोदी द्वारा किया जाएगा।

रेलवे के अधिकारी दिलीप कुमार ने कहा, %पहली साबरमती-वेरावल वंदे भारत एक्सप्रेस है, जो साबरमती स्टेशन को सोमनाथ मंदिर के पास वेरावल से जोड़ेगी। ये ट्रेन सप्ताह में छह दिन (गुरुवार को छोड़कर) चलने वाली है। इस ट्रेन में 8 कोच होंगे और इससे सोमनाथ जाने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

दूसरी ट्रेन वलसाड-दाहोद एक्सप्रेस है, जो वलसाड और दाहोद के बीच रोजाना चलेगी। इसमें 17 कोच होंगे। ये ट्रेन वलसाड से दाहोद एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 19011 के नाम से चलेगी, जबकि दाहोद से वलसाड एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 19012 के नाम से चलेगी। वलसाड-दाहोद-वलसाड एक्सप्रेस ट्रेन सप्ताह के सभी दिन चलेगी। यह 05¬50 बजे 346 किलोमीटर की दूरी तय करेगी।

**कोच्चि जहाज दुर्घटना**

## केरल में अलर्ट जारी, समुद्र में फैल रहा है जहरीला रसायन

**कोच्चि (एजेंसी)।** लाइबेरियाई मालवाहक जहाज, जो खतरनाक सामग्री से भरे 13 कंटेनर समेत कुल 640 कंटेनर लेकर जा रहा था, रविवार की सुबह केरल तट के पास समुद्र में डूब गया। जहाज के डूबने से समुद्र में बड़े पैमाने पर तेल का रिसाव हुआ है। इसे देखते हुए केरल सरकार ने पूरे राज्य में अलर्ट जारी कर दिया है और मछुआरों को समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी है। कहा गया है कि तटरक्षक बल तेल रिसाव को रोकने के लिए काम कर रहा है। नौसेना के जहाज ने डूब रहे जहाज पर सवार सभी 24 सदस्यों को बचा लिया है।

तटरक्षक बल ने जानकारी दी जिसमें कहा गया है कि 25 मई 2025 की सुबह जहाज 'एमएससी ईएलएसए 3' तेजी से झुकने लगा और आखिरकार पलटने के बाद डूब गया। इस घटना के कारण तेल का काफी रिसाव हुआ है, जिसमें ईंधन का बहाव लगभग तीन किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हो रहा है। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने कहा कि जहाज के टैंकों में 84.44 मीट्रिक टन



डीजल और 367.1 मीट्रिक टन 'फर्नेस ऑयल' था, इसके अलावा कंटेनर में कैल्शियम कार्बाइड जैसे खतरनाक पदार्थ हैं। आईसीजी ने कहा कि कैल्शियम कार्बाइड एक ऐसा रसायन है जो समुद्री जल के साथ प्रतिक्रिया करके अत्यधिक ज्वलनशील एसिटिलीन गैस उत्सर्जित करता है। केरल के मुख्य सचिव ए.जयतिलक की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में जहाज से तेल के काफी रिसाव की पुष्टि की गई और पूरे राज्य में अलर्ट जारी किया गया है। बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक नोट के अनुसार, लीक हुआ ईंधन लगभग तीन किलोमीटर प्रति घंटे की गति से फैल रहा है।

## डेढ़ साल के मासूम की जेली खाने से मौत

**सीहोर (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के सीहोर जिले से एक दर्दनाक मामला सामने आया है। इस घटना के सामने आने के बाद सभी छोटे बच्चों के माता-पिता चौंकन्ने हो गए हैं। दरअसल यहां के जहांगीरपुर गांव में परिजनों ने लाड़-प्यार में अपने डेढ़ साल के मासूम बेटे को जेली खिला दी, लेकिन यह मिठास उसके जीवन की अंतिम मिठास साबित हुई। मासूम आयुष लोधी के गले में जेली फंस गई और वह दम घुटने से उसकी मौत हो गई। परिजन भागते हुए उसे सीहोर के जिला अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह कोई सामान्य हादसा नहीं, यह हर माता-पिता के लिए एक गहरी चेतावनी है। प्यार में की गई छोटी-सी लापरवाही भी आपके सबसे अनमोल रत्न को छीन सकती है। बता दें कि करण सिंह लोधी और उनका परिवार अपने डेढ़ साल के बेटे आयुष से बेहद प्यार करते थे। आयुष पूरे घर का लाडला था। परिजनों ने उसे खुश करने के लिए जेली खाने को दी। आयुष ने जैसे ही जेली खाई, वह अचानक रोने लगा और जोर-जोर से सांस लेने की कोशिश करने लगा। परिवार वालों को समझ नहीं आया कि क्या हो रहा है, लेकिन जब बच्चे की हालत तेजी से बिगड़ने लगी तो वे उसे लेकर जिला अस्पताल भागे। अस्पताल में पहुंचते ही डॉक्टरों ने आयुष को मृत घोषित कर दिया। जांच में सामने आया कि जेली बच्चे के गले में अटक गई थी और उसके कारण उसे सांस लेने में तकलीफ हुई। दम घुटने से मासूम की मौत हो गई। वहीं सिविल सर्जन प्रवीर गुप्ता का कहना है कि छोटे बच्चों में भोजन निगलने की क्षमता पूरी तरह विकसित नहीं होती।

## रीवा में तस्करों पर कार्रवाई, दबिश में 4 लाख की लकड़ी जब्त, दो आरोपी बनाए

**मुकुंदपुर से अवैध परिवहन कर रहे थे सागौन**




**रीवा (एजेंसी)।** रीवा में अवैध रूप से लकड़ी का परिवहन करने वाले पुराने लकड़ी तस्कर को हिरासत में लिया है। यह काफी समय से अवैध कारोबार में लिप्त था। रविवार शाम छुट्टी का दिन होने की वजह से अवैध लकड़ी की खेप को बेचने की फिराक में था। जिसे वन विभाग की टीम में दबिश देकर रंगे हाथों पकड़ लिया। उससे 4 लाख रुपए की लकड़ी जब्त की है। आरोपियों से 26 नग सागौन के गट्ठे, इसके 100 से 150 नग सागौन का कटान भी बरामद किया गया है।वन विभाग के हीरालाल सिंह ने बताया कि वन विभाग को सूचना मिली थी कि गडरिया स्थित एक मकान में सागौन की लकड़ी रखी गई है। जो अवैध रूप से परिवहन कर लाई गई है। इसके पहले यह भी इनपुट मिला था कि मुकुंदपुर में कुछ सागौन के पेड़ गुपचुप तरीके से काटे गए हैं। जब वन विभाग की टीम मौके पर दबिश देने पहुंची तो संतोष पांडे और उपेंद्र पांडेय के घर से अवैध लकड़ी बरामद की गई। अवैध लकड़ी को जब्त करते हुए मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों से पूछताछ करने और अनूप शर्मा का भी नाम सामने आया है। जिसके सम्बन्ध में अभी विवेचना जारी है। जब्त की गई लकड़ी की कुल अनुमानित कीमत 4 लाख के करीब है।

## रीवा में दो बाइक की टक्कर में 3 की मौत

**न्तीन गंभीर घायल, तेज रफ्तार के कारण सिरमौर मार्ग पर हुआ हादसा**

**रीवा (एजेंसी)।** रीवा के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के पलहान गांव के पास शनिवार रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। रीवा-सिरमौर मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों बाइकों पर तीन-तीन सवार थे और दोनों विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही थीं। जैसे ही वाहन पलहान गांव के चढ़ाई मोड़ के पास पहुंचे, अचानक आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही चीख-पुकार मच गई और तीन लोगों की जान चली गई।

**मृतकों में एक नाबालिग भी शामिलः** संजय गांधी अस्पताल के प्रवक्ता डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि हादसे में जितेंद्र रावत (15) और मोहित रावत (19) दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 13 बैकुंठपुर और मुनिराज कोल (45) निवासी हरदी क्रमांक 2 थाना मनगवां की मौके पर ही



मौत हो गई।

**घायलों की हालत गंभीरः** हादसे में घायल राजीव, सनी कोल और छेदी कोल को गंभीर हालत में संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक सभी की हालत चिंताजनक है और इलाज जारी है।

## तीन साल से एक जगह जमे पटवारियों का होगा तबादला

**सतना में प्रबंध समिति की बैठक, जल्द बनेगा नया भाजपा कार्यालय**

**सतना (एजेंसी)।** सतना में नगरीय आवास एवं विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में जिला प्रबंध समिति की बैठक चित्रकूट के होटल पार्थ में आयोजित की गई। बैठक में राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती पांडेय, चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह और रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह विक्की उपस्थित रहे। बैठक में कर्मचारियों के स्थानांतरण पर चर्चा हुई। राजस्व विभाग की निचली इकाई पटवारियों के स्थानांतरण पर मुख्य फोकस रहा। निर्णय लिया गया कि तीन साल से एक ही स्थान पर कार्यरत लगभग 15 प्रतिशत पटवारियों का स्थानांतरण किया जाएगा। साथ ही विवादित पटवारियों को भी उनके वर्तमान पद से हटाया जाएगा।

**ऑनलाइन होगी स्थानांतरण की प्रक्रिया** शिक्षा विभाग के स्थानांतरण को लेकर



प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट किया कि इस विभाग में सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। स्थानांतरण की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी और रिक्त पदों पर ही स्थानांतरण किया जाएगा।

**चित्रकूट विधायक अधिकारियों-कर्मचारियों की शिकायत कीः** बैठक में चित्रकूट विधायक सुरेंद्र सिंह ने अपने क्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों की शिकायत की। इस पर प्रभारी मंत्री ने व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कहा कि वे सभी कर्मचारियों को रामपुर विधानसभा क्षेत्र भेज दें। रामपुर बघेलान विधायक विक्रम सिंह ने कहा कि उन्हें इससे कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते उनके यहां पदस्थ कर्मचारियों को न हटाया जाए।

**बनेगा बीजेपी का नया कार्यालयः** प्रबंध समिति की बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय का नया भवन बनाने पर भी चर्चा हुई। अभी पार्टी कार्यालय भरहुतनगर में स्थित है। यहां पार्किंग की समस्या के चलते अब नए स्थान की तलाश की जा रही है। शहर के बाहर भाजपा का नया कार्यालय बनाने की तैयारी चल रही है। इस दौरान सतना के मेडिकल कॉलेज का नामकरण पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर किए जाने पर भी चर्चा हुई।

## तेजप्रताप की हरकतों से बिहार की राजनीति में फिर ला दिया भूचाल!

**पटना (एजेंसी)।** तेजप्रताप यादव हमेशा मीडिया की सुर्खियों में बने रहते हैं। ताजा मामला उनकी पर्सनल लाइफ से जुड़ा है, उनकी और अनुष्का यादव की तस्वीरें शनिवार को सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुईं। तस्वीर के साथ पोस्ट भी लिखा था जिसमें अनुष्का यादव के साथ तेजप्रताप ने अपने रिलेशनशिप का खुलासा किया था। उसके बाद उनकी और अनुष्का की कई तस्वीरें और वीडियोज वायरल हो रहे हैं, जो उनके रिश्ते की सच्चाई को बयां कर रहे हैं लेकिन तेजप्रताप यादव ने सफाई दी है और कहा है कि मेरा सोशल मीडिया अकाउंट हैक कर इस तरह के पोस्ट किए जा रहे हैं।



मामला तेजप्रताप की पोस्ट का है जो वायरल हुआ जिसे पोस्ट करते हुए तेज प्रताप की तरफ से लिखा गया, ÷मैं तेज प्रताप यादव और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं, उनका नाम अनुष्का यादव है। हम दोनों पिछले 12 सालों से एक-दूसरे को जानते हैं और प्यार भी करते हैं। हम लोग पिछले 12 सालों से एक रिलेशनशिप में रह रहे हैं। मैं बहुत दिनों से आप लोगों से यह बात कहना चाहता था, पर समझ नहीं आ रहा था कैसे कहूं... इसलिए आज इस पोस्ट के माध्यम से अपने दिल की बात आप सबके बीच रख रहा हूं। आशा करता हूं आप लोग मेरी बातों को समझेंगे।÷

## संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा सम्पन्न

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित सिविल सर्विस प्रारंभिक परीक्षा रविवार को दो सत्रों प्रथम सत्र प्रातः 09.30 बजे से 11.30 एवं द्वितीय सत्र दोपहर 02.30 बजे से सायं 04.30 बजे तक 50 परीक्षा उपकेंद्रों पर सफलतापूर्वक संपन्न हुई।परीक्षा में भोपाल में कुल 15941 परीक्षार्थियों में से प्रथम सत्र में 9593 (60.18त्न) एवं द्वितीय सत्र में 9494 (59.56त्न) परीक्षार्थियों की उपस्थिति दर्ज की गई। परीक्षा में प्रत्येक केन्द्र पर 3 पुरूष एवं 2 महिला पुलिस आरक्षक परीक्षार्थियों की फ्रिसकिंग के लिए लगाये गये थे। परीक्षा के शील्ड पेपर जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम से संबंधित केन्द्रों पर भेजे जाने के लिए तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को अधिकृत किया गया था तथा प्रत्येक अधिकारी के साथ सुरक्षा के लिए एक-एक पुलिस गार्ड भेजा गया था। प्रत्येक केन्द्र का आकस्मिक रूप से निरीक्षण करने के लिए उड़नदस्ता के लिए क्षेत्रवार 6 अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को नियुक्त किया गया था।।

## मदरसा बोर्ड शिक्षा सत्र-2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन 23 मई से 30 जून तक

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। राज्य मदरसा बोर्ड द्वारा शिक्षा सत्र 2025-26 में मदरसा मान्यता नवीनीकरण के ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा एम.पी. ऑनलाइन के अधिकृत पोर्टल पर 23 मई से 30 जून 2025 तक के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें वर्ष 2025 तक मान्यता प्राप्त सामान्य मदरसों के अतिरिक्त वर्ष 2022 तक मान्यता प्राप्त मदरसों के लिए यह अंतिम अवसर है। इसके बाद ऐसे मदरसों की मान्यता नवीनीकरण के ऑनलाइन आवेदन करने की पात्रता समाप्त कर दी जायेगी। ऑनलाइन आवेदन से संबंधित आवश्यक सर्कुलर एवं अभिलेखों की विस्तृत जानकारी मदरसा बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट पर एवं एम.पी. ऑनलाइन के पोर्टल पर मदरसा-बोर्ड पेज पर उपलब्ध कराई गई है। सचिव, मध्यप्रदेश मदरसा बोर्ड ने कहा है कि मान्यता प्राप्त मदरसों में निर्धारित तिथियों में आवेदन करना सुनिश्चित करें एवं आवेदन की एक प्रति समस्त दस्तावेजों के साथ अविलम्ब बोर्ड में भेजना एवं एक प्रति अपने जिले के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात ही प्रकरण पर अग्रिम कार्रवाई की जा सकेगी।

## मुख्यमंत्री ने हाथियों के हमले में ग्रामीणों की मृत्यु पर जताया दुःख

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहडोल जिले में तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों पर हाथियों के हमले में 3 ग्रामीणों की मृत्यु पर गहन दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया %एक्स पर कहा कि घटना अत्यंत पीड़ादायक है। दुख की इस घड़ी में राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हाथियों के हमले की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम को हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रत्येक मृतक के वैध आश्रित (वारिस) परिजन को 25-25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिवंगत आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिजन के प्रति? अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

# भोपाल जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत श्रमदान एवं जल चौपाल का आयोजन हुआ

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड फंदा द्वारा खुशवंत राव की बाबड़ी नवीन नगर जहां प्राकृतिक रूप से वर्ष भर झीर के माध्यम से पानी की उपलब्धता रहती है। इस बावड़ी पर सभी ने श्रमदान किया। मानव श्रृंखला के रूप में चेन बनाकर बावड़ी की सफाई की और श्रम की महत्ता समझी एवं सभी ने जल संरक्षण की शपथ ग्रहण की, तत्पश्चात जल चौपाल का आयोजन हुआ।मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्रीमती कोकिला चतुर्वेदी ने बताया कि यह अभियान शासन का बहुत महत्वकांक्षी अभियान है, हम सब का भी यह दायित्व बनता है कि आपने आस-पास के जल स्त्रोतों के संरक्षण करें एवं अपने जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ आदि शुभ अवसरों पर पौधरोपण अवश्य करें तथा उस पौधे की देख रेख करें। विकासखंड समन्वयक श्री नन्दकिशोर मालवीय ने



श्रमदान एवं जल चौपाल में सम्मिलत हुए सभी सम्मानीयजनों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर स्थानीय निवासीगण, नवांकुर संस्थाओं एवं प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जल संरक्षण के लिए जनभागीदारी आवश्यक-मंत्री श्रीमती उइके

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं सिंगरौली जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम पंचायत खिरवा में 24 लाख रु. की लागत से निर्मित होने वाले अमृत सरोवर का भूमि-पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने जल संरक्षण को वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने की, सिंगरौली विधायक श्री रामनिवास शाह भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और आने वाले समय में जल की उपलब्धता तभी संभव है जब समाज इसमें अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए। उन्होंने कहा कि जल स्तर में लगातार गिरावट चिंताजनक है और इसके समाधान के लिए समुदाय को अपने-अपने क्षेत्र के पारंपरिक जल स्त्रोतों की पहचान कर उनके संरक्षण, साफ-सफाई और जीर्णोद्धार की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। मंत्री श्रीमती उईके ने स्पष्ट किया कि जल गंगा संवर्धन अभियान में बनाए जा रहे अमृत सरोवर जैसे प्रयास न केवल जल संचय को बढ़ावा देंगे, बल्कि पर्यावरणीय संतुलन और जल-आधारित कृषि के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगे। राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह ने कहा कि सिंगरौली जिले में तालाबों, नदियों, कुओं और बावड़ियों जैसे परंपरागत जल स्त्रोतों की पहचान कर उन्हें पुनर्जीवित किया जा रहा है।

## प्राकृतिक जल संसाधनों का संरक्षण और संवर्धन करना प्रत्येक नागरिक की जिमेदारी-मंत्री श्री टेटवाल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जल संरक्षण के प्रति प्रदेश सरकार के संकल्प को मूर्तरूप देते हुए कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत राजगढ़ जिले के सारंगपुर के ग्राम मगराना में काई नदी के गहरीकरण एवं स्वच्छता कार्य में श्रमदान किया। इस अवसर पर उन्होंने श्रमदान कर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और जन-अभियान परिषद के सदस्यों के साथ जल स्त्रोतों की संरक्षा के प्रति सामाजिक चेतना बढाने का संदेश दिया।



मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि जल संरक्षण कोई एक दिवसीय कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के सामूहिक प्रयासों से संचालित होने वाला दीर्घकालिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणजन इस अभियान में सक्रिय सहभागिता कर रहे हैं। इससे यह अभियान एक महा-अभियान का स्वरूप ले चुका है। नदी तट पर श्रमदान के उपरांत उन्होंने उपस्थित जनसमूह को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि जल गंगा अभियान का उद्देश्य केवल सफाई या गाद निकासी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अभियान प्रकृति के प्रति हमारी नैतिक जिम्मेदारी को समझने और निभाने का माध्यम है। मंत्री श्री टेटवाल ने सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों से आहवान किया कि आगामी 45 दिनों में जल गंगा संवर्धन के तहत चिन्हित सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण किए जाएं, जिससे यह प्रयास परिणामकारी सिद्ध हो।

## एक वर्ष में स्टार्ट-अप में 30 और महिला स्टार्ट-अप में 34 प्रतिशत की वृद्धि - नई स्टार्टअप नीति हुई लागू

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** मध्यप्रदेश में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप सेंटर ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज की हैं। स्टार्ट-अप्स की संख्या, महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों में वृद्धि और राज्य में नवाचार को प्रोत्साहन देने वाली विभिन्न पहलों के चलते पिछला वर्ष अत्यंत सफल रहा है। पिछले एक वर्ष में राज्य में मान्यता प्राप्त स्टार्ट-अप्स की संख्या 4012 से बढ़कर 5230 हो गई, जिसमें 30 फीसदी की वृद्धि हुई है। महिलाओं द्वारा संचालित स्टार्ट-अप्स में 34 फीसदी की वृद्धि हुई है। इनकी संख्या 1864 से बढ़कर 2490 तक पहुँच गई हैं। इन प्रयासों से यह स्पष्ट है कि महिला उद्यमिता को विशेष बल दिया जा रहा है। आज प्रदेश में स्टार्ट-अप्स की संख्या 5300 से अधिक हो चुकी है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नई मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप नीति एवं क्रियान्वयन योजना 2025 का शुभारंभ किया गया। इस दौरान 2500 से अधिक स्टार्ट-अप्स ने भाग लिया और फ्यूचर फ्रंटियर्स- स्टार्ट-अप पिचिंग सेशन में 20 स्टार्ट-अप्स को निवेशकों के समक्ष पिच करने का मौका मिला, जिसमें से 19 को निवेशकों द्वारा रुचि पत्र प्राप्त हुए।

महिला उद्यमियों को योजनाओं से जोड़ने के लिये 13 अगस्त 2024 को प्रदेश महिला उद्यमी सम्मेलन का हुआ। जिसमें 40 से अधिक महिला स्टार्ट-अप्स ने भाग लिया। कृषि क्षेत्र के लिए त्र्क्कफंड के माध्यम से फंडिंग की सुविधा दी गई और कृषि आधारित स्टार्ट-अप्स को विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी का अवसर मिला।

मध्यप्रदेश स्टार्ट-अप सेंटर ने पूरे वर्ष में 50 से अधिक कार्यक्रमों में भाग लिया तथा आयोजन किया, जिनमें 20 से अधिक शैक्षणिक संस्थान, औद्योगिक संगठनों, सरकारी विभागों के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों तक की सहभागिता शामिल रही।

## प्रदेश में 1 लाख से अधिक कुओं को किया जा रहा रिचार्ज

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ज्ञान अभियान को मजबूती देने एवं प्रकृति, पर्यावरण व जल संरक्षण की दिशा में मध्यप्रदेश सरकार मिशन के रूप में कार्य कर रही है। प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान जारी है। अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मनरेगा योजना के तहत प्रदेश के 1 लाख कुओं को बारिश के पानी से रिचार्ज करने का लक्ष्य तय किया है। कुओं के पास कूप रिचार्ज पिट (डगवेल रिचार्ज विधि) बनाये जा रहे हैं। कूप रिचार्ज पिट को बनवाने में प्रदेश के कृषकों ने भी जागरूकता दिखाई है। कुओं के रिचार्ज होने से भू-जलस्तर बढ़ेगा, साथ ही कृषकों को सिंचाई व पीने के लिए पर्याप्त पानी भी उपलब्ध होगा। जल गंगा संवर्धन अभियान में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रदेश में 1 लाख 3 हजार कुओं को रिचार्ज करने का लक्ष्य तय किया है। इसमें से 75 हजार से अधिक कुओं के पास कूप रिचार्ज पिट बनाने का कार्य शुरू हो गया है। खंडवा जिले में कूप रिचार्ज पिट बनाने को लेकर दिए गए लक्ष्य से अधिक का निर्माण कर दिया गया है। कूप रिचार्ज पिट बन जाने से भू-जल स्तर में वृद्धि होगी। साथ ही गर्मियों में कुओं के सूखने की संभावना भी कम हो जाएगी। कूप रिचार्ज पिट बनाने के लिए एक खास संरचना तैयार की गई है।

## लोक निर्माण मंत्री और भास्कराचार्य संस्थान प्रमुख के बीच उच्च स्तरीय बैठक हुई

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह एवं भास्कराचार्य राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुप्रयोग संस्थान के महा निदेशक श्री टी.पी. सिंह के बीच सोमवार को मंत्री निवास कार्यालय पर नई तकनीकों के उपयोग को लेकर एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री भरत यादव, भवन विकास निगम के प्रबंध संचालक श्री सिबी चक्रवर्ती, लोक निर्माण के प्रमुख अभियंता श्री केपीएस राणा एवं श्री एस. आर. बघेल उपस्थित थे।



बैठक में प्रधानमंत्री गति शक्ति प्लेटफार्म के अंतर्गत विकसित किए जा रहे विशेष जीआईएस पोर्टल और सर्वेक्षण मोबाइल ऐप की विस्तार से जानकारी दी गई। यह पोर्टल मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है, जो निर्माण कार्यों की निगरानी से लेकर परियोजनाओं के लिए डीपीआर तैयार करने तक की सुविधाएं प्रदान करता है।

बैठक में रोड ऐसेट मैनेजमेंट सिस्टम, ग्रीनफील्ड सड़कों की योजना, राज्य का रोड नेटवर्क मास्टर प्लान, रोड सेक्टर पॉलिसी और इंजीनियरों के प्रशिक्षण जैसे अहम बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। श्री सिंह ने प्रदेश के इंजीनियरों को जीआईएस पोर्टल पर प्रशिक्षण देने की सहमति दी और आईटी संबंधी तकनीकी जरूरतों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। लोक निर्माण विभाग के लोकपथ मोबाइल ऐप एवं लोक कल्याण सरोवर योजना की प्रशंसा करते हुए श्री टीपी सिंह ने सुझाव दिया कि विभाग के सभी नवाचारों के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिये एक विस्तृत सॉफ्टवेयर सिस्टम निर्मित किया जाना चाहिए। लोक कल्याण सरोवर के निर्माण के लिए उपयुक्त स्थल का चयन गति शक्ति पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। इससे अधिकतम भूजल पुनर्भरण सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक माह 5 और 20 तारीख को किए जाने वाले औचक निरीक्षणों के लिए निर्माण कार्यों के रेंडम चयन व्यवस्था को जीआईएस पोर्टल के सहयोग से और भी बेहतर बनाया जा सकता है।

## केंद्रीय अपर सचिव सोनल मिश्रा ने आईटीआई के प्रशिक्षण को बताया अत्याधुनिक

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय की अपर सचिव सुश्री सोनल मिश्रा (भा.प्र.से.) ने आज शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था इंदौर का दौरा किया। उन्होंने संस्थान में संचालित विभिन्न ट्रेडस का निरीक्षण किया और प्रशिक्षुओं से संवाद कर उनके प्रशिक्षण अनुभवों को जाना। केन्द्रीय अपर सचिव सुश्री मिश्रा ने ड्रोन टेक्नोलॉजी जैसे नवाचार से जुड़े ट्रेड्स को विशेष रुचि से देखा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता की सराहना की और इस प्रशिक्षण सुविधा को अत्याधुनिक बताया। उन्होंने कहा कि तकनीक के साथ कदमताल करते हुए आईटीआई इंदौर जिस तरह युवाओं को भविष्य के लिए तैयार कर रहा है,



वह राष्ट्रीय स्तर पर एक मिसाल है। प्रशिक्षुओं में तकनीकी समझ, जिज्ञासा और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था। केन्द्रीय अपर सचिव सुश्री मिश्रा ने शासकीय ड्राइविंग प्रशिक्षण संस्थान, इंदौर का भी भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने ट्रैफिक सिमुलेशन, ड्राइविंग टेस्ट एवं प्रशिक्षण की संरचना को देखा और प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण पद्धति पर संवाद किया। उन्होंने प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध संसाधनों और अधोसंरचना को अत्यंत सराहनीय बताया। केन्द्रीय अपर सचिव ने उपस्थित अधिकारियों से संस्थान की कार्य-प्रणाली, इंडस्ट्री लिंकज, प्लेसमेंट रिकॉर्ड और अपस्किलिंग की दिशा में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी ली और सुझाव दिए कि युवाओं को उद्यमिता के लिए भी प्रेरित किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 'कौशल से समृद्धि' के विजन और कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल के नेतृत्व में चल रहे उन प्रयासों को सशक्त करता है, जिनका उद्देश्य युवाओं को वैश्विक मांग के अनुरूप प्रशिक्षित कर आत्मनिर्भर बनाना है। संचालनालय कौशल विकास द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण को नई दिशा देने और आधुनिक ट्रेड्स से जोड़ने का कार्य लगातार जारी है।

## जर्मनी वित्त पोषित ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर परियोजनाओं में एमपी ट्रांसको के कार्य उच्चस्तरीय-वाल्टर क्लोट्ज

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल ( एजेंसी )।** जर्मनी के के.एफ.डब्ल्यू. डेवलपमेंट बैंक के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री कार्यालय की मॉनिटरिंग में पूरी की गई उन परियोजनाओं का निरीक्षण किया, जिन्हें ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर-1 योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा निर्धारित लक्ष्य से पूर्व सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया था। जर्मनी से आए बैंक के तकनीकी अधिकारी श्री वाल्टर क्लोट्ज ने इस परियोजना के अंतर्गत निर्मित मंदसौर 400 केवी सबस्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने एमपी ट्रांसको द्वारा कराए गए कार्यों की उच्च गुणवत्ता और उत्कृष्ट तकनीकी तरीकों की सराहना की।



जर्मन प्रतिनिधि श्री वाल्टर क्लोट्ज ने निरीक्षण के दौरान कहा कि ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के अंतर्गत के.एफ.डब्ल्यू. डेवलपमेंट बैंक द्वारा वित्त पोषित कार्य अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप किए गए हैं और अब इनका संचालन एवं संधारण एमपी ट्रांसको की कुशल टीम द्वारा प्रभावी रूप से किया जा रहा है।

श्री क्लोट्ज ने सब स्टेशन के रखरखाव, स्काडा सिस्टम के माध्यम से डेटा मॉनिटरिंग, जैसे कार्यों का सूक्ष्म निरीक्षण कर उन्हें अत्यंत उत्कृष्ट बताया। उन्होंने स्वयं भी परिसर में वृक्षारोपण किया।

## स्वास्थ्य केंद्र की तर्ज पर मप्र में पहली बार बोट एंबुलेंस

मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)। मध्यप्रदेश अब देश का पहला राज्य बनने जा रहा है जहां सड़क, हवा और जल ङ्क तीनों रास्तों से एंबुलेंस सेवा मिलेगी। अब नदी पार गांवों के मरीजों को इलाज के लिए नाव नहीं ढूंढनी पड़ेगी।हेल्थ सर्विस खुद नाव से उनके पास पहुंचेगी। राज्य सरकार बोट एंबुलेंस सेवा शुरू करने जा रही है। यह नाव एक चलता-फिरता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र होगी। इसमें डॉक्टर, नर्स और एएनएम की टीम तैनात रहेगी। ऑक्सीजन सपोर्ट सिस्टम, इमरजेंसी डिलीवरी, 65 तरह की दवाएं जरूरी दवाएं और मेडिकल उपकरण मौजूद रहेंगे।

योजना का पायलट प्रोजेक्ट नर्मदा किनारे बसे जिलों में शुरू होगा। इसमें मंडला, डिंडोरी, बड़वानी, अलीराजपुर और खरगोन शामिल हैं। इन जिलों में सड़क कनेक्टिविटी कमजोर है। बारिश में हाल और भी खराब हो जाता है। बाढ़ के समय जब सड़कें बंद हो जाती हैं, तब यह सेवा राहत शिविर और अस्पताल तक मरीजों को पहुंचा सकेगी। राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने इसका प्रस्ताव सीएम डॉ. मोहन यादव और डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल को सौंपा है। योजना को सैद्धांतिक मंजूरी मिल चुकी है।

## नरवाई न जलाने तथा इससे जैविक खाद बनाने की सलाह

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को गेंहू तथा अन्य फसलों को काटने के बाद बचे हुए अवशेष (नरवाई) नहीं जलाने की सलाह दी गई है। इस संबंध में उप संचालक कृषि ने कहा है कि नरवाई जलाने से एक ओर जहां खेतों में अग्नि दुर्घटना की आशंका रहती है। वहीं मिट्टी की उर्वरकता पर भी विपरीत असर पाता है।

इसके साथ ही धुएँ से कार्बन डायआक्साइड की मात्रा वातावरण में जाती है जिससे वायु प्रदूषण होता है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगभग 6 इंच की ऊपरी सतह पर ही होती है। इसमें खेती के लिए लाभदायक मित्र जीवाणु उपस्थित रहते हैं। नरवाई जलाने से यह नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति को नुकसान होता है। नरवाई जलाने की बजाए यदि फसल अवशेषों को एकत्रित करके जैविक खाद बनाने में उपयोग किये तो यह बहुत लाभ दायक होगा। नाडेप तथा वर्मी विधि से नरवाई से जैविक खाद आसानी से बनाई जा सकती है।

इस खाद में फसलों के लिए पर्याप्त पोषक तत्व रहते हैं। इसके आलावा खेत में रोटावेटर अथवा डिस्क हैरो चलाकर भी फसल के बचे हुए भाग को मिट्टी में मिला देने से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है। उप संचालक ने बताया कि गेंहू की फसल के बाद नरवाई को खाद में बदलने तथा बिना जुताई किए फसलों की बुआई के लिए सुपर सीडर तथा हैप्पी सीडर का उपयोग बहुत लाभकारी है। इससे नरवाई नष्ट होने के साथ जुताई और बुवाई का खर्च और समय दोनों बचेगा। साथ ही नरवाई से खाद भी बन जाएगी।

# राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय की टीम द्वारा वन स्टॉप सेंटर का किया गया भ्रमण

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** वन स्टॉप सेंटर सीधी में भारत सरकार के निर्देशन में राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय की टीम द्वारा निर्भया फंडिंग के अवलोकन हेतु रिसर्च ऑफिसर सांभवी राज एवं रिनी राय द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण किया गया। उक्त विजिट मध्य प्रदेश के कुल 5 जिलों में किया गया जिसमें सीधी भी शामिल था।

रिसर्च ऑफिसर द्वारा कुल 40 पीड़ित जो आश्रय में रह चुकी थी उन्हें बुला कर वन स्टॉप सेंटर की सुविधाएं किस स्तर तक मिल रही इसका सर्वेक्षण आश्रयरत महिलाओं और बालिकाओं से पूछताछ करके किया गया एवं वन स्टॉप सेंटर की संपूर्ण व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया।



राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान संपूर्ण व्यवस्था जिला कार्यर्₹ म अधिकारी प्रवेश मिश्रा के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर टीम द्वारा किया गया। इस दौरान परिवीक्षा अधिकारी अनुराग पांडेय, परियोजना अधिकारी सीधी 1/ प्रशासक आशा तिवारी, समस्त वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारी, पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गिग-प्लेटफार्म वर्कर्स के पंजीयन के लिए विशेष अभियान

**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सहायक श्रम पदाधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि भारत सरकार, श्रम मंत्रालय द्वारा गिग व प्लेटफार्म वर्कर्स का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन करने हेतु पुनः दिनांक 21 मई से 30 मई 2025 तक विशेष पंजीयन अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है।

श्रम आयुक्त द्वारा पंजीयन अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दिनांक 21.05.2025 से दिनांक 30.05.2025 तक जिले में पंजीयन शिविरों का आयोजन कर गिग प्लेटफार्म वर्कर्स के मध्य जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार के माध्यम से शिविरों में लाकर उनका पंजीयन किये जाने के निर्देश दिए गये हैं।

जिले में दिनांक 21.05.2025 से दिनांक 30.05.2025 की अवधि में विशेष पंजीयन शिविर आयोजित कर गिग-प्लेटफार्म वर्कर्स और उनके नियोजकों/एग्रीगेटर्स के मध्य प्रचार-प्रसार करते हुए पंजीयन हेतु प्रेरित किया जाना है। समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नगर परिषदों को निर्देशित किया गया है कि उक्त निर्देश का पालन करते हुए अपने-अपने निकायों में दिनांक 21.05.2025 से 30.05.2025 तक शिविर का आयोजन आयोजित कर गिग-प्लेटफार्म वर्कर्स का पंजीयन कराया जाना सुनिश्चित करें।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की बैठक सम्पन्न

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ग्राम इकाई बरौ तहसील सिरमौर जिला रीवा की ग्राम इकाई बरौ के समिति गठन हेतु ग्राम बरौ में कृषको की बैठक श्री भक्त प्रहलाद कुशवाहा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में गंगा टेन्ट हाउस के मकान में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि श्री रविदत्त सिंह राष्ट्रीय संगठन महामंत्री राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ उपस्थिति रहे। ग्राम इकाई हर्दीकला के अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह एवं ग्राम इकाई माड़ौ के अध्यक्ष जीतेन्द्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे।



बैठक में कृषकों द्वारा जानकारी दी गई कि समाचार पत्रों में रीवा कलेक्टर द्वारा नरवई जलाने वाले किसानो से नए कानून के तहत 1,41,500(एक लाख एकतालिस हजार पॉच सौ) रूपये की राशि वसूली के आदेश हुए है। जबकि चिन्ता का विषय यह है कि इतनी जल्दी नरवाई जलाने वाले किसानो का सर्वे कैसे हुआ।

दूसरी तरफ नहर के सीपेज के कारण एवं अति वर्षा प्राकृतिक आपदा आगजनी आदि के कारण जो किसानो की नुकसानी होती है उसके विषय में संगठन द्वारा पूर्व एवं मौजूदा समय में दिनांक 16/01/2025 को कलेक्टर रीवा तथा अनुविभागीय अधिकारी महोदय तहसीलदार सिरमौर कार्यपालन यंत्री क्योटी कैनाल साथ ही आयुक्त महोदय रीवा सम्भाग को 21/03/2025 को संगठन द्वारा ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया किन्तु आज दिवस तक किसानो के हित में शासन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नही हुई।

ग्राम पंचायत बरौ में वर्ष 2012.13 में परिसीमन किया जिसमें ग्राम पंचायत का 2 पंचायत में विभाजन किया गया जिसमें चन्द्रपुर पंचायत की गई उसके परिसीमन में गड़बड़ी की गई है जिसके करण पंचायत के सभी किसानो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त बैठक में मुख्य रूप से रविदत्त सिंहए भक्त प्रहलाद कुशवाहाए वीरेन्द्र प्रताप सिंहए जीतेन्द्र प्रताप सिंहए अखिलेश मिश्राए अरविन्द द्विवेदीए अनूप कुमार सिंहएमहेश सिंहए हीरालाल पटेलए मधुराज सिंहए हंशराज सिंहए ज्ञानेन्द्र सिंहए राजीव सिंहए गंगादीन पटेलए जवाहरलाल पटेलए बृजेश पटेलए गंगा सिंह पटेलए हीरालाल पटेलए धनेन्द्र प्रताप सिंहए सुधीर सिंहए जवाहरलाल पटेलए हंशराज सिंह उपस्थित रहे।

## उर्रहट में भजन संध्या का आयोजन 27 मई को

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** स्व0 यशोदाबाई ताम्रकार की 28वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 27 मई 2025 मंगलवार को सांयकाल 7.00 बजे से उर्रहट रीवा स्थित नन्द भवन में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया है।

जिसमें नगर प्रमुख भजन गायकों द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। उक्त आशय की जानकारी स्व0 यशोदाबाई ताम्रकार स्मृति समिति के सचिव डॉ.उमेश कुमार ताम्रकार ने प्रेस विज्ञप्ति में देते हुए नगर के गणमान्य नागरिकों, भजन प्रेमियो एवं सुधी जनों से कार्यक्रम में पहुॅचने का अनुरोध किया है।

## यूपीएससी का सेमीनार आज



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** सिन्धी समाज के युवाओं का यूपीएससी मार्गदर्शन सेमीनार 26 मई को स्थानीय सिन्धू भवन में सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है। सेमीनार में 9वीं पास व पोस्ट ग्रेजुएट उत्तीर्ण कर चुके एवं 30 वर्ष से कम के सिन्धी समाज के बच्चे पंजीयन करा सकते हैं।

कार्यक्रम के संयोजक कमेटी एवं पूज्य सिन्धी सेन्ट्रल पंचायत के प्रवक्ता गुलाब सहानी ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में लखनऊ से रिटायर्ड पुलिस कमिश्नर श्री राजाराम भागवानी और सिन्ध वेलफेयर सोसायटी सामाजिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र भवनानी, फैकल्टी फार सिन्धी लिटलेचर ऑफ्सनल दिल्ली से जयेश शर्मा युवाओं का मार्गदर्शन करेगें।

समाज के युवा प्रशासनिक सेवा क्षेत्र में भाग लेकर आई.ए.एस.,आई.पी.एस.अधिकार ी वनकर किस तरह से अपना भविष्य उज्जवल बना सकते है और देश और समाज की सेवा कर सकते हैं इसकी विस्तृत जानकारी एलईडी के माध्यम से मुख्य वक्ताओं द्वारा कार्यक्रम में दी जायेगी। मोटीवेशनल सेमीनार में 215 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं, यह सेमीनार रीवा के अलावा 25 मई को सतना और 26 मई को सायंकाल कटनी में भी आयोजित किया गया है।

26 मई दिन सोमवार को कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना व भगवान झूलेलाल जी की आरती के साथ अपने निश्चित समय पर प्रारम्भ होगा। आयोजकों ने भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी बच्चों से निवेदन किया है कि कार्यक्रम स्थल सिन्धु भवन में 10.15 पर अपनी उपस्थित सुनिश्चित करें। उपरोक्त सम्बन्ध में तैयारी बैठक विगत 22 मई को आयोजित की गई थी।

जिसमें मुख्य रूप से सिन्धी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष और कार्यक्रम के मुख्य संयोजक दादा प्रहलाद सिंह, राजकुमार टिलवानी, गुलाव सहानी, मार्गदर्शन मण्डल से दादा हुकूमतराय होतवानी, संतूलाल आहूजा, कन्हैयालाल मंगलानी, चंदीराम केशवानी, अशोक रोहड़ा, श्रीचन्द्र कोटवानी, नरेश छुगानी, विजय थवानी, हरीश वाधवानी, प्रहलाद चेलानी, महेश हीरवानी, विकास टोपलानी, दीपक दुर्गिया, अशोक आवतानी, रामनारवानी, सुरेश पंजवानी 'पप्पन', महिला टीम से कविता कोटवानी, सोनिया कोटवानी, पूर्व पार्षद शांती सुन्दरानी, भूमी वजाज की विशेष रूप से उपस्थिति रही।

# लोकमाता अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर प्रदर्शनी






**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती पर अटल कुंज भाजपा कार्यालय में प्रदर्शनी को जनप्रतिनिधि और कई संगठन देखने पहुंचे व उनके आदर्शो पर चलने की प्रेरणा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में ली।

पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी का 300वां जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर प्रदर्शनी 21 मई से 31 मई 2025 तक भारतीय जनता पार्टी कार्यालय अटल कुंज ढेकहा रीवा में आयोजित है, जिसे देखने रोजना सैकड़ो लोग आ रहे। इसी संबन्ध में भाजपा कार्यालय अटल कुंज में प्रदर्शनी को देखने कई संगठन के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में लोकमाता अहिल्याबाई जी को याद कर उनके प्रदर्शनी को देखने पहुंचे और उनके आदर्शो में चलकर समाज के हित में कार्य करने की प्रेरणा ली गई एवं सनातन धर्म, समाज सुधार, अन्याय व अत्याचार के खिलाफ लड़ना, अपने कर्तव्य का पालन करना आदि उक्त बातों को अहिल्याबाई जी की अपने जीवन में उतारने और उनके बताये हुए संकल्प की प्रेरणा लेकर आदर्शो में चलने के लिए लोग प्रेरित हुए एवं पदाधिकारियों, संगठनों द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई द्वारा बाताये गये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर सिरमौर विधायक दिव्यराज सिंह अपने क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों के साथ पहुंचे। त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी अपने विधानसभा से सैकड़ो कार्यकर्ता के साथ प्रदर्शनी को देखने पहुंचे, साथ में मंडल अध्यक्ष रायपुर सोनौरी वेद प्रकाश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष त्योंथर घनश्याम यादव, मंडल अध्यक्ष गढी समीर सिंह सभी अपने मंडल पदाधिकारियों के साथ प्रदर्शन देखने पहुचे।

इसी प्रकार रीवा से अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष सियाशरण साकेत, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष तुलसीदास कोल, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र शुक्ला, अल्पसंख्क मोर्चा जिलाध्यक्ष मो. इमरान गुलाब अपने मोर्चो के पदाधिकारियों के साथ प्रदर्शन देखने पहुचे एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी कमलेश सचदेवा, जैसे शिक्षक प्रकोष्ठ के डॉ. रमेश तिवारी द्वारा अपने कॉलेज के छात्रों के साथ प्रदर्शनी देखने पहुंचे।

इस अवसर पर विभिन्न संगठन संघ जैसे दवा विर्₹ता संघ, दशहरा कमेटी, नगर विजयदशमी उत्सव समिति रीवा से प्रदर्शनी में उपस्थित हुए जिसमें मुख्य रूप से प्रकाश तरानी, आशोक तनवानी, संजीव गुप्ता, उमेश दिक्षित गुड्डू, मोहित गुप्ता, प्रमोद दिक्षित, अमित डिगवानी, सुरेश पंजवानी, महेश ठारवानी, रीवा व्यापारी महासंघ के तरफ से प्रकाश केशसरिया, राजेश भल्ला, वेद प्रकाश गुप्ता, रमाकांत पुरवार, परमजीत सिंह डंग आदि विभिन्न प्रकार संगठन प्रदर्शनी देखने पहुंच रहे है।

## साईं ईश्वरशाह साहिब जी के नगर आगमन पर हुआ स्वागत



**मीडिया ऑडीटर, सता (निप्र)।** सतना हाजरा हजूर सतगुरु साईं ईश्वरशाह साहिब जी के नगर आगमन पर सिन्धी कॉलोनी स्थित शिव चौक पर ऐतिहासिक स्वागत किया गया स्वागत के पश्चात शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा शिव चौक से प्रारंभ होकर बाबा दयालदास गुणवंती हाल होते हुए हरे माधव दरबार में संपन्न हुई

शोभायात्रा का समाज द्वारा जगह जगह पुष्पवर्षा करते हुए स्वागत किया व प्रसाद का वितरण किया गया। सतगुरु साईं ईश्वरशाह साहिब जी का रविंद्र पंजवानी,नंदलाल रोहड़ा सतना के प्रथम नागरिक महापोर श्री योगेश ताम्रकार जी लोक निर्माण अध्यक्ष एवं पार्षद श्री गोपी गेलानी चेंबर अध्यक्ष श्री सतीश सुखेजा पार्षद मनीष टेकवानी श्रीचंद मनवानी मनोहर डिगवानी अशोक चांदवानी विनोद गेलानी मनोहर वाधवानी घनश्याम मांघरानी मनोहर शुगानी मनोहर आरतानी विक्रम चौधरी संजय आहूजा ज्ञान खटवानी के साथ-साथ भारतीय सिंधु सभा सिन्धु विकास समिति सेंट्रल सिन्धी पंचायत जिए सिंध सेवा संगम जिला सिन्धी महा पंचायत,रामलला ग्रुप एवं त्रिदेव सेवा मंडल ने भव्य स्वागत किया

दरबार के सेवादारी सुरेश बाषाणी ने बताया आज 25 मई दिन रविवार को शाम 6 बजे से सी एम ए ग्राउंड परिसर में हाजरा हजूर स–ुरु साईं ईश्वरशाह साहब जी की पावन हजूरी में हरे माधव सत्संग का आयोजन किया गया है सत्संग के पश्चात ब्रह्म भोज [आम भंडारे] का भी आयोजन किया गया है। रविंद्र पंजवानी नंदलाल रोहड़ा गोपी गेलानी श्रीचंद मनवानी सतीश सुखेजा फेरुमल तोलवानी संजय तीर्थवानी चंद्रकांत वाधवानी कन्हैया लाल पोहानी राजेश लालचंदानी मोहन भावनानी मनोहर शुगानी संजय आहूजा रूपेश वलेचा मनोहर डिगवानी सुनील सेनानी गिरधारी लाल वाधवानी मनोहर आहूजा राजलदास आडवाणी हीरा सोनी कालू पुरुस्वानी अशोक चांदवानी केशव माखीजा महेश गांधी जेठानंदवाधवानी मनीष टेकवानी मनोहर लाल वाधवानी मनोहर आरतानी दीपक वलेजा दिलीप जिंदवानी ने हाजरा हजूर सतगुरु साईं ईश्वरशाह साहिब जी की पावन हजूरी में आयोजित हरे माधव सत्संग में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर सत्संग का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

# नगर परिषद गुढ़ के पार्षदो ने अध्यक्ष, सीएमओ एंव इंजीनियर के खिलाफ खोला मोर्चा

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नगर परिषद गुढ़ मे जब से अर्चना सिंह अध्यक्ष बनी है तब से यह नगर परिषद सुर्खियो में रहा है क्योंकि नगर परिषद गुढ़ में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। इस मुद्दे को लेकर नगर परिषद के पार्षदो ने कई बार अध्यक्ष अर्चना सिंह व सीएमओ के एन सिंह एवं सब इंजीनियर आशीष द्विवेदी को निकाय मे भ्रष्टाचार रोकने के लिए कहा गया। लेकिन इन तीनो जिम्मेदार निकाय के पदाधिकारीयो ने भ्रष्टाचार की सीमा लांघते हुए कई ऐसे कार्य किये है। जिसमे गुढ़ नगर परिषद इनके कृत्यो से शर्मसार हो गई है।



ज्ञात हो कि इस संबध मे नगर परिषद के उपाध्यक्ष श्रीमती गीता सिंह के नेतृत्व में वारिष्ठ पार्षद जगदीश गौठिया पार्षद दल के नेता मुमताज खान, श्रीमती सरोज उपाध्याय, दुर्गेश गुप्ता, श्रीमती विमला रावत, श्रीमती शशिप्रभा गुप्ता, शंकर बंसल, श्रीमती पुष्पा प्रजापति ने एक ज्ञापन माननीय कलेक्टर रीवा को सौपा है। जिसमे इस बात का उल्लेख किया गया है कि करोड़ो रूपय नगर परिषद बनने के लिए स्वीकृत किया गया है।

लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी नगर पंचायत का भवन नही बना जिस पर कलेक्टर महोदय रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल जी द्वारा सीएमओ् गुढ़ को आदेशित किया है कि तत्काल नगर पंचायत का जर्जर भवन गिरा कर शीध्र भवन बनवाया जाए लेकिन अध्यक्ष एवं सीएमओ ने कलेक्टर के आदेश कि धज्जियॉ उड़ा दी है। और आज तक भवन का निर्माण कार्य नहीं कराया गया। इतना ही नहीं नगर परिषद गुढ़ में अध्यक्ष एवं सीएमओ ने फर्जी नियुक्ति की हैं जिसमें लाखो रूपय का भुगतान नगर परिषद गुढ़ से किया है।

मुख्यनगर पालिका अधिकारी केएनसिंह द्वारा फर्जी नियुक्ति एवं स्थानान्तरण श्रीमती प्रवीण द्विवेदी का किया गया था जिसमें आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म0प्र0 शासन भोपाल द्वारा पत्र ₹ ण् 8795 दिनांक 14/05/2024 को प्रकरण पंजीबद्ध करने हेतु कलेक्टर रीवा को लिखा गया था जिस पर कलेक्टर रीवा ने आयुक्त नगरीय प्रशासन के आदेश को संज्ञान मे लेते हुए शहरी विकास अभिकरण के आयुक्त रीवा को प्रकरण पंजीबद्ध करने हेतु निर्देषित किया लेकिन आज दिनांक तक कोई प्रकरण पंजीबद्ध किया गया और न हीं केएनसिंह को बर्खास्त किया गया।

इतना ही नहीं नगर परिषद गुढ़ के पीआईसी सदस्यो द्वारा नगर पालिका अधिनियम के नियमो के विपरीत करोड़ो रूपय का प्रस्ताव पारित कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है जबकि पीआईसी को इस तरह से नियम विरूद्ध तरीके से प्रस्ताव पारित करने का अधिकार अधिनियम मे नहीं है। फिर भी अध्यक्ष एवं सीएमओ के मिली भगत से पीण्आईण्सी से प्रस्ताव पारित कराया जा रहे है। जबकि जो भी प्रस्ताव पीआईसी करेगी उसका अनुमोदन परिषद से होना अवश्यक है।

इतना ही नहीं वार्ड 01 से लेकर वार्ड 15 तक जितने भी निर्माण कार्य किये जा रहे है। उन निर्माण कार्यो का न तो परिषद से प्रस्ताव है और न ही पीआईसी से फिर भी कमीशन लेने के उद्देश्य से अध्यक्षए सीएमओए एवं इंजीनियर की मिली भगत से यह कृत्य किया जा रहा है। पूरे नगर मे गंदगी का आलम है पूरा नगर अतिक्रमण के चपेट मे है कोई भी व्यक्ति अपना वाहन लेकर शहर के अंदर प्रवेश नहीं कर सकता है। इतना ही नहीं नगर परिषद के बगैर अनुमति एवं राजनौतिक द्वेष भावना के चलते कई ऐसे प्रकरण न्यायलयो मे चलाये गये है और लाखो रूपय का भुगतान निकाय से किया गया है। साथ ही साथ प्रधानमंत्री आवास योजना में हजारो लोगो का आवास निरस्त कर दिया गया है।

मानमाफिक्र टैक्स वसूली की जा रहींए किसानो से अवैध रूप से वसूलीए स्टैण्ड फीस के नाम में गुण्डाराजए अवैध लोगो द्वारा वसूली इसके अलावा निकाय में व्यापक पैमाने पर अध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंहए सीण्एमण्ओण् केण्एन सिंह सबण् इंजीनियर आशीष द्विवेदी द्वारा भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इसके विरोध में नगर परिषद के पार्षदो द्वारा दिनांक 02/06/2025 को सुबह 10:00 बजे से नगर परिषद कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया जावेगा।

मॉग पूर्ण न होने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जावेगा। जिसकी लिखित सूचना अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग गुढ़ श्री अनुराग तिवारी जी एवं तहसीलदार अरूण यादव थाना प्रभारी शैल यादव जी को प्रस्तुत कर दिया गया है। जिसमें इस बात का उल्लेख किया गया है नगर परिषद गुढ़ की अध्यक्ष अर्चना सिंहए मुख्य नगर पालिका अधिकारी केएन सिंह सब् इंजीनियर आशीष द्विवेदी एवं निकाय के कई कर्मचारी भ्रष्टाचार में शामिल है। तथा पीआईसी के सदस्यो द्वारा गलत प्रस्ताव पारित किया गया है

जिसकी जॉच कराये जाने हेतु पार्षद ने सरकार से मॉग की है कि तत्काल जॉच कराकर नगर परिषद गुढ़ के अध्यक्ष श्रीमती अर्चना सिंहए सीण्एमण्ओ केएनसिंह सबइंजीनियर आशीष द्विवेदी एवं अन्य कर्मचारी जो भ्रष्टाचार मे लिप्त है उन्हे तत्काल बर्खास्त किया जाए।

# विचार

## धर्म? सांसद मियां अल्ताफ अहमद ने देश सेवा पर उर्स की तैयारियों को तवज्जो क्यों दी?

भारत ने दुनिया के 33 देशों में अपने सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को भेजा है ताकि पाकिस्तानी आतंक की वीभत्सता से सभी को परिचित कराया जा सके। इस समय सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में वहां की सरकारों और प्रमुख लोगों को पाकिस्तानी आतंकवाद और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार के बारे में जानकारी दे रहे हैं और उन देशों का समर्थन हासिल कर रहे हैं। देखा जाये तो इस समय सभी राजनीतिक दलों के बीच जो एकता नजर आ रही है उसी के चलते हम दुनिया के सामने मजबूती से अपना पक्ष रख पा रहे हैं। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में शामिल सांसद देश की सेवा के लिए यह अवसर प्रदान करने के लिए मोदी सरकार का शुक्रिया अदा कर रहे हैं। लेकिन आप यह जानकर चौंक जाएंगे कि एक सांसद महोदय ऐसे भी हैं जिन्होंने अंतिम समय में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल होने से इंकार कर दिया था। उनके इंकार की बात तब सामने आई जब वह विदेश मंत्रालय की ओर से प्रतिनिधिमंडल को दी जाने वाली ब्रीफिंग में नहीं पहुँचे थे। उनका यह कहना था कि मेरा पहले से एक कार्यक्रम तय है इसलिए मैं सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा नहीं बन पाउंगा। यहां सवाल उठता है कि देश हित से बड़ा और राष्ट्र की सुरक्षा से बड़ा और क्या काम या कार्यक्रम हो सकता है जिसमें उन सांसद महोदय का भाग लेना जरूरी हो गया था? हम आपको बता दें कि जिन सांसद महोदय ने प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनने से इंकार किया वह हैं जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अनंतनाग-राजौरी से सांसद मियां अल्ताफ अहमद। उन्होंने सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल से खुद को अलग कर लिया है, जो वर्तमान में पांच देशों के दौरे पर है। सांसद अल्ताफ अहमद को डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंड में शामिल होना था। वर्तमान में यह प्रतिनिधिमंडल रूस में है और वहां से यह स्लोवेनिया, ग्रीस, लातविया और स्पेन जायेगा। हम आपको बता दें कि जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ एनसी नेता और प्रभावशाली धार्मिक व्यक्तित्व मियां अल्ताफ ने इस प्रतिनिधिमंडल में शामिल नहीं होने का कारण पूर्व निर्धारित प्रतिबद्धताओं को बताया है। उन्होंने कहा है कि हर वर्ष जून के पहले सप्ताह में गांदरबल जिले के कंगन स्थित वांगथ में मनाए जाने वाले उर्स के मद्देनज़र मैं प्रतिनिधिमंडल में शामिल नहीं हो पाऊंगा। हम आपको बता दें कि मियां अल्ताफ अहमद बाबा जी साहिब लारवी वांगथ की दरगाह के सज्जादा नशीन (धार्मिक संरक्षक) भी हैं, जहां हर साल उर्स के दौरान हज़ारों श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने कहा है कि हां, मेरी पार्टी ने मेरा नाम प्रतिनिधिमंडल के लिए भेजा था, लेकिन आगामी उर्स से जुड़ी कुछ जिम्मेदारियों के कारण मैं इस दौरे में शामिल नहीं हो पा रहा हूं। उन्होंने कहा है कि विदेश मंत्रालय और उनकी पार्टी को इस बारे में सूचित कर दिया गया है और उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है। बहरहाल, यहां सवाल उठता है कि मियां अल्ताफ अहमद ने राष्ट्र हित से ज्यादा उर्स को महत्व क्यों दिया? उर्स तो हर वर्ष लगता है लेकिन देश ने सेवा के लिए अल्ताफ अहमद को इस समय पुकारा था। सवाल उठता है कि क्या राष्ट्र से ज्यादा धर्म को तवज्जो देने वाले लोगों को राजनीति में होना चाहिए? सवाल उठता है कि क्या राष्ट्र सुरक्षा से ज्यादा धार्मिक मेले की तैयारियों को तवज्जो देने वाले व्यक्ति को जनप्रतिनिधि के रूप में चुना जाना चाहिए?

# राष्ट्रीय पक्षी मोर के जीवन से मानव समुदाय को मिलती हैं विभिन्न प्रेरणाएं, इसका हर पहलू अनुकरणीय

**डॉ दिनेश चन्द्र सिंह**

**पक्षी राज मोर या मयूर, जो भारत का राष्ट्रीय पक्षी है, इसे किन कारणों से भारत का राष्ट्रीय पक्षी स्वीकार (आत्मसात) किया गया है, इसके पीछे की एक नितांत धार्मिक कहानी है जो रोचक, ज्ञानबर्द्धक और जिज्ञासा पूर्ण है। स्कन्द पुराण में वर्णित है कि पक्षीराज मोर भगवान शिव और माता पार्वती के पुत्र कार्तिकेय भगवान का वाहन है। कहा जाता है कि कार्तिकेय भगवान मन के बड़े चंचल थे। उन्होंने अपने मन को साधने के लिए बहुत प्रयास किया और मन की चंचलता को जीतने के लिए केन्द्रीय कृत रूप से साधना और प्रयास किया। पिता भगवान शिव और माता पार्वती का आशीर्वाद उनके ऊपर था ही। कहा जाता है कि उनकी इसी कमी को दृष्टिगत रखते हुए भगवान शिव ने कार्तिकेय जी को वाहन के रूप में मोर पक्षी चयनित करके दिया। योंकि पक्षीराज मोर अपने मन की चंचलता, प्रेम और सौन्दर्य के साथ-साथ अपने नृत्य से निज मन की चंचलता को साधता है और इसे साधकर ही किसी शुभ संकेत के आने का एक संकेतक और प्रहरी बनता है। इसलिए भगवान ने कहा है कि अपने प्रेम और सौन्दर्य दोनों से अपने मन की चंचलता को साधना होगा। इसलिए मोर को राष्ट्रीय पक्षी बनाया गया।**



हालांकि, इस बारे में अन्य कई कथाएं भी हो सकती हैं। लेकिन जहाँ तक मैं समझता हूँ कि मोर को राष्ट्रीय पक्षी बनाने के पीछे उसके सौन्दर्य और प्रेम के अलावा उसके सुंदर नृत्य की भी भूमिका आंकी गई होगी, जिसके पीछे सनातन धर्म की आस्था छिपी हुई है। कहा तो ये भी जाता है कि यहूदी धर्मावलम्बी भी कार्तिकेय भगवान के अनुयायी हैं और आज भी यहूदी देश में कार्तिकेय भगवान की पूजा-अर्चना की जाती है और उन्हें आराध्य के रूप में माना जाता है। स्कन्द पुराण में भी यह बात कई जगहों पर वर्णित है, परन्तु मैं जानता हूँ कि मेरा जो अध्ययन है, वह पुराण के प्रति उतना नहीं बल्कि प्राकृतिक सौन्दर्य की अनुभूतिजनित है। इसलिए मैं अपने आवास पर नित्य या यूँ कहें कि आकस्मिक रूप से यदाकदा मोर के नृत्य को बहुत ही बारीकी पूर्वक देखता हूँ, समझता हूँ और उनके विभिन्न भावों को महसूस करते हुए प्रयास करता हूँ कि अपने जीवन में, अपने साथियों के जीवन में और जहाँ पर मैं कार्य करता हूँ, उससे जुड़े सभी लोगों के जीवन में, उनके मन में प्रेम की उमंग के साथ-साथ ऊर्जा का संचार करवा सकूं।

इससे सब लोग माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय मुख्यमंत्री जी के जनहितैषी निर्देशों के क्रम में अपने शासकीय दायित्वों के निर्वहन के प्रति चेतना युक्त मन से मन की चंचलता को साधते हुए विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं या समाज कल्याण विभाग से कृषि, उद्योग, व्यापार, श्रमिक, बुजुर्ग, दिव्यांग आदि सबके कल्याण के प्रति हमसब परिश्रम कर सकें। इसलिए अक्सर मै मोर के नृत्य को देखता हूँ, सोचता हूँ और उसका वीडियो बनवाकर आप सबसे साझा इसलिए करता हूँ कि इससे मेरी तरह ही आप सभी को कुछ सकारात्मक ऊर्जा मिलती रहे7 क्योंकि कभी कभी सबका चंचल मन कार्य बोझ तले विचलित होता रहता है। इसलिए हमें अपने मन की चंचलता को पुनः स्थिर करते हुए अपने अपने काम को करने के लिए संकल्पित होना है। मैं भी होता हूँ। आइये हमलोग टीम जौनपुर जब मन की चंचलता को साधते हुए कार्य करेंगे, जनकल्याण का कार्य करेंगे, लोकल्याण का कार्य करेंगे, कृषकों, श्रमिकों, उद्यमियों, सबके हित को साधते हुए प्रत्येक गरीब व्यक्ति के जीवन में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से उनको एक नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। जिस प्रकार माननीय मुख्यमंत्री जी ने मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना अभियान के माध्यम से युवाओं को रोजगार देने के लिए, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए 5 लाख रुपए की व्याजमुक्त धनराशि देकर उन्हें रोजगार सृजक के रूप में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है और उसे कार्यरूप में परिणत कर दिया है, वह भी एक प्रयास है कि युवाओं के मन से उनकी चंचलता को दूर करते हुए उनको रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाते हुए अपने जौनपुर जनपद के युवाओं को प्रदेश की भांति ही आगे बढ़ाया जाए, ताकि उनको एक नई दिशा मिल सके और उनका जीवन भी पल्लवित-पुष्पित हो सके।

हमें पता होना चाहिए कि मोर जो भारत का राष्ट्रीय पक्षी है, अपनी अद्वितीय सुंदरता के कारण विश्व प्रसिद्ध है। मोर का वैज्ञानिक इसके आकर्षक रंग सबको लुभाते आए हैं। यह पक्षी जहाँ पर रहता है, वहां आसपास विषधर यानी सांप भी नहीं फटकते हैं। इसलिए भारतीय संस्कृति, कला और धर्म में इस पक्षी का एक महत्वपूर्ण स्थान है। मोर की सुंदरता, आहार, जीवन शैली और सांस्कृतिक महत्व हर किसी के लिए प्रेरणादायक है। इसकी पहचान उसके रंग-बिरंगे पंखों तथा आकर्षक नृत्य से होती है, जो मनभावन लगती है। इसके पंख हरे, नीले और सुनहरे रंगों के मिश्रण से बने होते हैं, जो बेहद आकर्षक और सम्मोहक प्रतीत होते हैं। इसके पंखों पर चंद्रमा जैसे आकार होते हैं, जिनमें विभिन्न रंगों का सम्मिश्रण होता है। इसका मुंह और गला बैंगनी रंग का होता है। इसके पंख बहुत ही कोमल यानी नरम और मखमली होते हैं।

मोर की आंखें छोटी किन्तु नशीली होती हैं, लेकिन इनमें गहरी चमक होती है, जिससे बहुत ही खूबसूरत लगती हैं। इसका शरीर लंबाई में औसतनआ 100 से 120 सेंटीमीटर और पंख लगभग 3 से 4 फीट लंबे होते हैं, जिसकी चाल 16 किलोमीटर प्रति घंटे की होती है। इसका वजन औसतन 6 से 10 किलोग्राम तक हो सकता है। इसकी औसत आयु 20 वर्ष होती है। इसके शरीर पर 150 से अधिक पंख होते हैं, जो बहुत ही कीमती होते हैं। इनका आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व बहुत ज्यादा है। मोर के पैरों में ताकत होती है, जो उन्हें तेज गति से दौड़ने में काफी सक्षम बनाती है। इसका मुख्य रंग हरा होता है, लेकिन इसके पंखों पर नीला, सुनहरा और ताम्र रंग का अद्वितीय सम्मिश्रण होता है। पंखों के इस रंग-बिरंगे सम्मिश्रण को देखने पर ऐसा प्रतीत होता है जैसे इंद्रधनुष का कोई छोटा-सा टुकड़ा हो। इसके पंखों पर चंद्रमा के आकार के चिन्ह होते हैं, जो इसकी सुंदरता में चार चाँद लगा देते हैं।

चूँकि मोर के पंख नरम और मखमली होते हैं, इसलिए इनका स्पर्श बहुत ही सुखद और सौभाग्य बर्द्धक होता है। मोर जंगलों में भी उच्च स्थानों पर बैठना ज्यादा पसंद करते हैं, जैसे पीपल, नीम और बरगद आदि के पेड़। ये नदियों और जल निकायों के पास रहना बहुत पसंद करते हैं और अक्सर पेड़ों में ही अपने घोंसले बनाते हैं। भारतीय गांवों में मोर को बहुत प्यार और स्नेह मिलता है। लोग इन्हें पालतू पक्षी की तरह पालते हैं जिससे वे गाँव की सड़कों पर आराम से घूमते देखे जा सकते हैं। राजस्थान आदि राज्यों के शहरी क्षेत्रों में भी उन्हें सड़कों को पार करते हुए यदा कड़ा देखा जा सकता है। मोर बहुत ही सावधान पक्षी होते हैं7 ये उड़ान बहुत कम करते हैं। ये एक पेड़ से दूसरे पेड़ या नदी के एक तट से दूसरे तट तक ही उड़ान भरते हैं। रात को आराम के लिए ये बड़े और मोटे पेड़ों पर आश्रय लेते हैं। मोर का आहार विविध भांति का शाकाहारी व मांसाहारी दोनों प्रकार का होता है। अधिकतर वे बीज, पत्तियां, कीड़े-मकोड़े, सांप, छिपकलियों आदि को खाते हैं।

मोर खेत और बगीचों को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं, लेकिन ये अपने सुंदर नृत्य से लोगों का मन मोह लेते हैं7 ये हर किसी का दिल जीत लेते हैं। अक्सर देखा जाता है कि जब मोर खुश होते हैं, तब वे अपने पंखों को फैलाकर नृत्य करते हैं, जो देखने में बेहद सुंदर और मनभावन प्रतीत होता है। मोर के आहार में फल-फूल और सब्जियाँ आदि भी शामिल होते हैं। वे अक्सर अपने आहार को विविध रखने के लिए विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं। मोर का आहार उसकी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करता है, खासकर जब वह नृत्य करते हैं या अपनी मादा को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं।

मोर का प्रजनन काल मानसून के मौसम में होता है। इस दौरान नर मोर अपने पंख फैलाकर और नृत्य करके मादा मोर को आकर्षित करते हैं। नर मोर के नृत्य में एक विशेष प्रकार की ध्वनि होती है, जिसे की-की-की कहते हैं। यह ध्वनि मादा मोर को आकर्षित करने के लिए होती है। वहीं मादा मोर अंडे देती है7 यह एक बार में 3 से 5 अंडे देती है।

# कहीं विनाश का कारण ना बन जाएं हीट रिस्क का फैलाव

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

जलवायु परिवर्तन की दुश्वारियों में से एक देश और दुनिया के देशों में हीट रिस्क के व्यापक प्रभाव से आसानी से समझा जा सकता है। यदि हम भारत की ही बात करें तो 2011 से 2022 के दशक के अध्ययन के अनुसार देश में हीट रिस्क का दायरा बहुत अधिक बढ़ गया है। मजे की बात यह है कि अब दिन की तुलना में रातें भी अधिक गर्म होने लगी है। इसका एक बड़ा कारण आज की भवन निर्माण विधि और शहरों में कंक्रिट का जंगल विकसित होना और अन्य के साथ ही इलेक्ट्रोनिक उत्पाद खासतौर से अत्यधिक उर्जा खपत वाले फ्रीज और कूलर की जगह लेते एयरकण्डीशनर भी एक है। घटते जंगल और आबादी का दबाव भी एक बड़ा कारण है। ऊर्जा के रुप में जो संसाधान उपयोग किये जा रहे है वे भी जलवायु परिवर्तन का प्रमुख कारक बन रहे हैं। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरमेंट एण्ड वॉटर सीईईडब्ल्यू की हालिया रिपोर्ट अत्यधिक चिंतनीय और हालात की गंभीरता को दर्षाती है। रिपोर्ट की माने तो देश की तीन चौथाई आबादी आज हीट रिस्क की जद में आ चुकी है। देश के 734 जिलों में से 417 जिले तो अत्यधिक जोखिम वाले जिलों में शुमार हो चुके हैं। कम जोखिम वाले जिलों मे तो केवल और केवल 116 जिले ही रह गये हैं। हालात की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि वैसे तो हीट रिस्क के दायरें में नोर्थ ईस्ट और उत्तरी भारत के नाममात्र के क्षेत्र को छोड़ दिया जाये तो समूचा देश आज हीट रिस्क के दायरें में आ चुका है। देश के 10 जिले राजस्थान, दिल्ली, आन्ध्र प्रदेश, केरल, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तरप्रदेश हीट रिस्क की अत्यधिक जद में आये प्रदेश व केन्दशासित राज्य है।



ऐसा नहीं है कि हमारे देश में ही हीट रिस्क का दायरा बढ़ रहा है। अपितु अब यह वैश्विक समस्या हो चुकी है। दुनिया के देशों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। तेज गर्मी की तपन से हालात दिन प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं। जंगलों में दावानल और बैमौसम आंदि तूफान, सूखा या बाढ़ ऐसी समस्यायें आने लगी है जिससे साल दर साल अब अधिक दोचार होना पड़ रहा है। अमेरिक का फर्नेस क्रीक सबसे अधिक गर्म स्थान है तो ट्यूनिशिया का केबिली, कुवैत का मित्रिबाह, ईरान का अहबाज और लुट रेगिस्तान, चीन का फ्लेमिंग आदि स्थान ऐसे है जो सर्वाधिक गर्मी वाले स्थान है। इसके साथ ही मौसम के मिजाज में भी बदलाव आया है। सर्दी में गर्मी और गर्मी में सर्द रात जैसे व असमय आंधी बरसात आम होती जा रही है। गर्मी के दिन बढ़े है। फरवरी तक अब अपनी परंपरागत मौसम का दायरा छोड़ते हुए अत्यधिक गर्मी वाले महीनों में से एक होने लगा है। आखिर यह मौसम का बदलाव भावी संकट की और साफ साफ इशारा कर रहा है। समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है। ग्लेशियर तेजी से पिघलने लगे हैं। समुद्र किनारे के शहरों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। अब डूबने का ड़र सताने लगा है। अमेरिका ही नहीं दुनिया के अन्य देशों के जंगलों में जिस तेजी से आग की घटनाएं बढ़ रही है वह अपने आप में अलग चुनौती होती जा रही है। बीमारियों का असर बढ़ रहा है। हालात गंभीर होते जा रहे हैं। हीट रिस्क के बढ़ते दायरे को देखते हुए आज हीट एक्शन प्लान बनाये जाने लगे हैं। हांलाकि कि यदि केवल सामान्य नागरिकों के बढ़ती गर्मी के कारण होने वाले प्रभाव पर ही बात की जाए तो गर्मी बीमारियों का प्रमुख कारण बनती जा रही है। कई मिलियन मौतों का कारण हीट वेव है। निर्जलीकरण तो एक प्रमुख कारण है ही इसके साथ ही कार्डियोरेस्पिरेटरी के मामलें आम होते जा रहे हैं। अनिद्रा, तनाव, श्वासं लेने में परेशानी, दस्त, पेट दर्द, फूड पोइजनिंग और तापघात आदि बीमारियों का प्रकोप लूताप के कारण दुनिया के देशों में बढ़ता जा रहा है। जिस तेजी से हीट रिस्क का विस्तार होता जा रहा है उससे आने वाले समय में और अधिक गंभीर हालातों का सामना करना पड़ेगा। किसी समय भारतीय परंपरा के अनुसार नौतपा ऐसा समय होता था जब सबसे अधिक गर्मी पड़ती थी। यह भी माना जाता था कि जितना अधिक नौतपा प्रभावी रहेगा उतना ही अच्छी बरसात होगी। पर आजकल यह सारे कंसेप्ट बेमानी होते जा रहे हैं नौतपा के पहले ही इतना तप चुका होता है कि एक एक दिन निकालना भारी हो जाता है। इसके साथ ही कही ना कही गर्मी मौत का या विनाश का कारण ना बने इसके बारे में वैज्ञानिकों को गंभीर मंथन करना होगा। जिस तरह से आज हमारे घर ही तापमान की बढ़ोतरी का कारण बनते जा रहे हैं उसका कोई ना कोई पर्यावरण सहयोगी साधन खोजने होंगे। पहले मकानों में चूने का उपयोग होता था तो दीपावली पर कली भी चूने की होती थी पर आज सारे हालात बदल गए हैं। एक तो गगनचुंबी इमारते और फिर उसका निर्माण लोहे सीमेंट से और इसके साथ ही दैनिक उपयोग के तापमान बढ़ाने वाले सामानों, उपकरणों के उपयोग के चलते बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने की बात करने का कोई अर्थ नहीं रह जाता है। ऐसें में गर्मी के कारण चौराहों पर हरी पट्टी तान देने या सड़कों पर पानी का छिड़काव करना कोई समाधान नहीं हो सकता बल्कि वैज्ञानिकों और नीति नियंताओं को गंभीर चिंतन करते हुए समय रहते हुए तापमान की बढ़ोतरी के कारकों को नियंत्रित करने के उपायों पर ठोस प्रयास करना होगा।

# ग्राम कोड़ा में सुशासन तिहार 2025 के तहत शिविर संपन्न, 1336 आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण







**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** जिले के विकासखंड खडगवां के ग्राम कोड़ा में सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया यह आयोजन 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा रहा। शिविर की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का दीप प्रज्वलन के साथ हुई, दीप प्रज्वलन के पश्चात जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। शिविर में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहें। शिविर में शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

सभी विभागों से प्राप्त कुल 1845 आवेदनों में से 1336 का त्वरित निराकरण किया गया, जबकि शेष 479 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। ग्रामीणों को बताया गया कि यह शिविर न केवल जानकारी देने का माध्यम है, बल्कि समस्याओं के तत्काल समाधान का भी एक मंच है। शिविर में देवाडांड, पैनारी, मेन्ड्रा, धवलपुर, बेलबहरा, नेवरी तथा कोड़ा के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने अपने-अपने विभाग से संबंधित चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन कैसे किया जा रहा है और आप इनका लाभ कैसे ले सकते हैं।शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया जिसमें जनपद पंचायत द्वारा राशन कार्ड वितरण जानकी, रामबाई, लक्ष्मनिया बाई, आसारानी, मुन्नी बाई, सुखमन बाई,प्रभा, ओमबत्ती, हरिशंकर,राधा,गीता, सोनकुंवर, रेशमी प्रधान, गनेशीया, फूलकुंवर, पुष्पा, दुर्गावती, राजकुमारी, राधा, रेशम सिंह,सरस्वती,सुनीता एवं सोनकुंवर कुन्ती को नवीन राशन कार्ड वितरित किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोदभराई कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सोनकुंवर, रामकली, सीता रजक,चंचल रजक, सरस्वती,सुनीता एवं रामबाई को गोद भराई का लाभ दिया गया।इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य संबंधी सहायता दी जाती है। साथ ही विभाग द्वारा काजल, अंकिता, अखिल, शानवी, आनभा,अन्नू सिंह,राजेश्वरी, मुस्कान, नितिन, छबि, अनुज, शिवांश, आदित्य सिंह, बजरंग, सात्विक को सुपोषण टोकरी वितरित की गई। इस अवसर पर अशुरानी,हासिका, विज्ञानस,नन्हनी का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न किया गया,जिसमें बच्चों को पहली बार अन्न ग्रहण कराया गया।स्वास्थ्य विभाग द्वारा मधुचंद्रवती,नवमी नारायण,ओमप्रकाश,उर्मिला,फूलकुंवर,राजकुमारी और मनीषा को आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किया गया। जिसके माध्यम से वे अब निःशुल्क इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा की शिविर में बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो जनचेतना का प्रतीक है। मंत्री जी ने शिविर में आए सभी आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बरसात से पहले सीमांकन, नामांतरण जैसे ज़मीनी मामलों को पूरा करने पर विशेष ज़ोर दिया। पटवारियों की कमी को स्वीकारते हुए मंत्री ने उनके सहयोग की आवश्यकता बताई और कहा कि भूमि के लिए अब केवल तीन पीढ़ियों का कब्जा नहीं, बल्कि निवास प्रमाण पत्र को भी पर्याप्त माना जाएगा। इसके लिए ग्रामसभा से सत्यापन कराने की व्यवस्था सुझाई गई। पर्यावरण को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए मंत्री ने पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर रोक लगाने की अपील की और जंगलों को बचाने का आग्रह करते हुए हवा और पानी की महत्ता पर प्रकाश डाला। महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में उन्होंने बताया कि सरकार दावा लागू की गाई महतारी वंदन योजना का लाभ अब ज़्यादा से ज़्यादा पात्र महिलाओं को मिल रहा है। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई। मंत्री जी ने सरपंचों से कहा कि वे निजी लाभ से ऊपर उठकर गांव के समग्र विकास को प्राथमिकता दें।

शिविर में जिला पंचायत सदस्य ममता सिंह, रामजीत लकड़ा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्याम बाई मरकाम, जनपद सदस्य गनराज सिंह, शिवरतन सिंह, नगर पालिका परिषद धर्मेंद्र पटवा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष लखन लाल श्रीवास्तव, पूर्व जनपद सदस्य पवन नेटी, अंकित शर्मा, सरपंच सुनीता सिंह, सोनकुंवर, कलावती, प्रताप सिंह, रामभजन सिंह, तेरसिया, रीता देवी एसडीएम विजयेन्द्र सारथी, तहसीलदार सीधी गबेल,सीईओ रूपेश बंजारे,सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# नरवाई न जलाने तथा इससे जैविक खाद बनाने की सलाह

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को गेंहू तथा अन्य फसलों को काटने के बाद बचे हुए अवशेष (नरवाई) नहीं जलाने की सलाह दी गई है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने कहा है कि नरवाई जलाने से एक ओर जहां खेतों में अग्नि दुर्घटना की आशंका रहती है। वहीं मिट्टी की उर्वरकता पर भी विपरीत असर पाता है। इसके साथ ही धुएँ से कार्बन डायआक्साइड की मात्रा वातावरण में जाती है जिससे वायु प्रदूषण होता है। मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगभग 6 इंच की ऊपरी सतह पर ही होती है। इसमें खेती के लिए लाभदायक मित्र जीवाणु उपस्थित रहते हैं। नरवाई जलाने से यह नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति को नुकसान होता है। नरवाई जलाने की बजाए यदि फसल अवशेषों को एकत्रित करके जैविक खाद बनाने में उपयोग किये तो यह बहुत लाभ दायक होगा। नाडेप तथा वर्मी विधि से नरवाई से जैविक खाद आसानी से बनाई जा सकती है। इस खाद में फसलों के लिए पर्याप्त पोषक तत्व रहते हैं। इसके आलावा खेत में रोटावेटर अथवा डिस्क हैरो चलाकर भी फसल के बचे हुए भाग को मिट्टी में मिला देने से मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है। उप संचालक ने बताया कि गेंहू की फसल के बाद नरवाई को खाद में बदलने तथा बिना जुताई किए फसलों की बुआई के लिए सुपर सीडर तथा हैप्पी सीडर का उपयोग बहुत लाभकारी है। इससे नरवाई नष्ट होने के साथ जुताई और बुवाई का खर्च और समय दोनों बचेगा। साथ ही नरवाई से खाद भी बन जाएगी।

**कलेक्टर आज करेंगी टीएल पत्रों की समीक्षा:** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 26 मई को कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में टीएल पत्रों की समीक्षा करेंगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण, जल गंगा संवर्धन अभियान, पेयजल व्यवस्था की भी समीक्षा की जायेगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिये गये हैं।

# प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल गंगा यात्रा का आयोजन करें

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुराने जल स्त्रोतों की साफ-सफाई और सुधार के साथ नई जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ-साथ आमजनता को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस क्रम कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में जल गंगा यात्राओं के आयोजन के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने कहा है कि शासन के निर्देशों के अनुसार जिले भर में जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य किये जा रहे हैं। इस अभियान में हर व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लोगों को लगातार जागरूक करें। शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड तथा ग्रामीण क्षेत्र में सभी ग्राम पंचायतों में जल गंगा यात्राएं निकाले। आयुक्त नगर निगम, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सीएमओ तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जल गंगा यात्राओं के आयोजन के लिए आवश्यक प्रबंध करें। जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, जन अभियान परिषद से जुड़ी संस्थाओं, पंचायतराज संस्थाओं के पदाधिकारियों, नगरीय निकाय के पार्षदों तथा आमजनता की इसमें भागीदारी सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने कहा है कि जल गंगा यात्रा प्रमुख सार्वजनिक स्थल से प्रारंभ करें। इसका समापन किसी महत्वपूर्ण जल स्त्रोत पर करें। जल गंगा यात्रा में शामिल सभी लोग नदी, तालाब तथा अन्य जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं सुधार कार्य में श्रमदान करके सहयोग दें। प्रमुख धार्मिक स्थलों की भी साफ सफाई इसमें की जा सकती है। जल गंगा संवर्धन अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

# निर्वाचन आयोग द्वारा कानूनी ढांचे को सशक्त बनाने अधिवक्ताओं एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अपने कानूनी ढांचे को सुदृढ़ और आधुनिक चुनौतियों के अनुरूप पुनः संरेखित करने के उद्देश्य से नई दिल्ली स्थित आईआईआईडीईएम में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने इस सम्मेलन का उद्घाटन निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और निर्वाचन आयुक्त डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में किया।

सम्मेलन में सुप्रीम कोर्ट और देश के 28 उच्च न्यायालयों के वरिष्ठ अधिवक्ता, आयोग के वरिष्ठ अधिकारीगण, एवं सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 36 मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शामिल हुए। इस पहल का उद्देश्य आयोग की कानूनी संरचना को उभरती परिस्थितियों और विधिक चुनौतियों के अनुरूप रूपांतरित करते हुए समन्वय को सुदृढ़ बनाना है। सम्मेलन में गैर-प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण अपनाने और समुचित सुनवाई के अवसर सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। यह एक दिवसीय सम्मेलन भारत निर्वाचन आयोग और देश के प्रमुख विधि विशेषज्ञों के बीच संवाद और विचार-विमर्श का एक प्रभावी मंच बना। यह रणनीतिक पहल भारत में निर्वाचन न्यायशास्त्र की बदलती आवश्यकताओं के अनुसार आयोग के विधिक संसाधनों के सुदृढ़ीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चर्चा में आयोग की विधिक टीम की तैयारी, दक्षता और समन्वय विशेषकर निर्वाचन कानून, न्यायिक प्रक्रियाओं और विधिक सुधारों से संबंधित पहलुओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। इस संवाद के माध्यम से आयोग ने न्यायिक मंचों पर अपनी विधिक प्रस्तुति की प्रभावशीलता को और अधिक सशक्त करने का प्रयास किया। इसके अतिरिक्त, शुक्रवार को आयोग ने नई दिल्ली स्थित में ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों का सम्मेलन भी आयोजित किया। यह सम्मेलन भारत निर्वाचन आयोग की पहलों को सशक्त करने एवं एक ठोस रोडमैप तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। आयोग ने वर्ष 2025 में एक नई पहल प्रारंभ की है, जिसके तहत एक एकीकृत डैशबोर्ड का डिज़ाइन और विकास किया जा रहा है। यह डैशबोर्ड सभी हितधारकों को विधिक प्रावधानों के दायरे में प्रासंगिक डेटा तक एकल विंडो एक्सेस प्रदान करेगा। यह अभिनव प्रयास आयोग की सभी पहलों को एकीकृत मंच पर लाकर डिजिटल परिवर्तन को गति देगा।

## ग्राम कठौतिया में सुशासन तिहार के तहत शिविर संपन्न, 1939 आवेदनों का हुआ निराकरण

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम कठौतिया में सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्रभारी मंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन में आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम के मुख्य आतिथ्य में किया गया। यह आयोजन 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आयोजित जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा रहा। शिविर की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का दीप प्रज्वलन के साथ हुई, दीप प्रज्वलन के पश्चात जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। शिविर में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह, बैकुंठपुर विधायक भैयालाल राजवाड़े, भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती चम्पा देवी पावले उपस्थित रही। शिविर में शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। सभी विभागों से प्राप्त कुल 2479 आवेदनों में से 1939 का त्वरित निराकरण किया गया, जबकि शेष 540 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। ग्रामीणों को बताया गया कि यह शिविर न केवल जानकारी देने का माध्यम है, बल्कि समस्याओं के तत्काल समाधान का भी एक मंच है। शिविर में शंकरगढ़, कठौतिया, बेलबहरा, सिरौली, कोथारी, खैरबना, सिरियाखोड, पिपरिया, हस्तिनापुर, डंगौरा, भल्लौर, साल्ही, डोमनापारा, परसगढ़ी तथा लालपुर के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने अपने-अपने विभाग से संबंधित चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन कैसे किया जा रहा है और आप इनका लाभ कैसे ले सकते हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गोद भराई योजना के अंतर्गत कृष्णा कुमारी, ललिता, रीना बैगा, देववती, सुभद्रा, निरोजना, गंगा कुंवार, रामवती, शशिकला और प्रियावती को लाभ प्रदान किया गया। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को पोषण और स्वास्थ्य संबंधी सहायता दी जाती है। कार्यक्रम में राज, अयान, रियान्स, आरू, अंशिका सिंह, संतोषी, रीति, मानसी, सार्थक, रुली, अंशुल और सुमन सिंह का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया, जिसमें बच्चों को पहली बार अन्न ग्रहण कराया गया। नोनी सुरक्षा योजना के अंतर्गत रीता, आकृति यादव, आलिया, सुभांसी और अनुष्का यादव को नोनी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभ दिया गया। इसके अतिरिक्त अंकिता, आयुषी, श्रेया, उर्वी, मया पुरी, पल्लवी, रंजना, वैष्णवी, भव्या, आंचल और संध्या को सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ मिला। वहीं शिविर में गीता, पूजा, कौशल्या, रामबाई, संपत्ति और सोमवती को स्वच्छता किट भी वितरित की गई। साथ ही रामचंद्र, गोविंद, वीरसिंह, देवनारायण, संजू, उर्मिला, अनिल कुमार और राम नारायण को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं पीएम जनमन योजना के पूर्ण आवास की चाबियां सौंपी गईं।

प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने अपने उद्बोधन में सुशासन की सराहना करते हुए कहा कि विष्णुदेव साय की सरकार लगातार विकास कर रही है। इसके साथ उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की लॉन्चिंग योजना का जिक्र करते हुए बताया कि देश 16000 साइंटिस्ट जो लैब में रिसर्च कर रहे है अब वे लोग आपके लैण्ड पर आकर रिसर्च करेंगे। जिससे आपके खेत की पैदावार बढ़ाई जा सके। इसके लिए योजना बनाई जा रही है। एक रथ होगा जो गांव-गांव में जाकर आपके जमीन का नमूना लेगा। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए 51 लाख रुपये के कार्यों की स्वीकृति दी है, इस दौरान उन्हें बताया कि ग्राम पंचायत लालपुर में आईटीआई परिसर के लिए जल आपूर्ति योजना लागू की जाएगी, जिससे पानी की समस्या का स्थायी समाधान होगा। इसके लिए 3.30 लाख रुपये स्वीकृत किये। वहीं ग्राम पंचायत पिपरिया के शासकीय हाई स्कूल भवन की छत एवं महिला शौचालय के मरम्मत कार्य के लिए 9.94 लाख रुपये आवंटित किये। ग्राम पंचायत बेलबहरा में शासकीय प्राथमिक स्कूल कोलपारा के उन्नयन के लिए 4.09 लाख रुपये और सालपुर के प्राथमिक स्कूल कलमडांड में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 10 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। लालपुर की माध्यमिक स्कूल मरम्मत पर 3.70 लाख रुपये का बजट रखा गया है। इसके अलावा, प्राथमिक स्कूल कोथारी एवं परसगढ़ी में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य के लिए क्रमशः 10-10 लाख रुपये की राशि निर्धारित की गई है। यह सभी कार्य शिक्षा क्षेत्र में सुधार और बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सके।

भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा की सुशासन तिहार 8 अप्रैल से 31 मई तक तीन चरणों में चल रहा है, जिसका उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बिना किसी पूर्व सूचना के जनता के बीच पहुँचकर उनकी समस्याएं सुन रहे हैं। जिससे लोगों का सरकार पर विश्वास और मजबूत हो। उन्होंने कहा कि तेज धूप के बावजूद बड़ी संख्या में लोग शिविरों में आकर अपनी समस्याएं और विकास संबंधी मांगें रख रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे लोगों की मूलभूत समस्याओं का गंभीरता से समाधान करें। श्रीमती सिंह ने वरिष्ठ नेता रामविचार नेताम की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास कार्य किए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि महतारी वंदन योजना से छूटे हुए नामों को जल्द जोड़ा जाएगा। भरतपुर की वंदना सिंह को छत्तीसगढ़ की मेरिट लिस्ट में 10 वीं रैंक हासिल करने पर बधाई दी और कहा कि वे इस क्षेत्र में शिक्षा को प्राथमिकता दे रही हैं। अंत में उन्होंने सभी ग्रामीणों का सुशासन तिहार में शामिल होने के लिए धन्यवाद दिया।

स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्राम पंचायत कठौटिया में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन हुआ। हमारे बीच प्रभारी मंत्री और भरतपुर सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह भी उपस्थित हैं, जो हमारे लिए बहुत गर्व और खुशी की बात है। उन्होंने किसानों द्वारा 3100 क्विंटल धान की उपलब्धि को भी सराहा और जनकपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। साथ ही, महतारी वंदन योजना की राशि का सही और प्रभावी उपयोग करने तथा किसानों को जरूरत ना पडने पर पैसे नहीं खर्च करने की सलाह दी साथ ही ये भी कहा की प्रदेश में अब तक 18 लाख आवास स्वीकृत हो चुके हैं, साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की भी अपील की।

शिविर में मुख्य अतिथियों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग द्वारा अजय कुमार, श्री पतपाल सिंह, सोहनिया बाई और गजानंद को आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किया गया। जिसके माध्यम से वे अब निःशुल्क इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। आदिम जाति विकास विभाग द्वारा राम बाई, धर्मराज सिंह, रामप्रसाद सिंह, देवनारायण सिंह, शोभरन सिंह, लक्ष्मण सिंह, लल्लू सिंह वन अधिकार पत्र वितरण किया गया।

मुख्यमंत्री तथा मंत्रियों द्वारा स्वेच्छानुदान की राशि का किया वितरण

मुख्य अतिथियों के द्वारा स्वीकृत स्वेच्छानुदान मद की राशि के चेक हितग्राहियों को वितरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम तारा बहरा निवासी नरेंद्र को 5 लाख रुपये की राशि का चेक प्रदान किया गया।वहीं, ग्राम तारा बहरा के ही निवासी राकेश कुमार यादव, राम प्रसाद सूर्यवंशी, धीर साई तथा तीरथ प्रसाद सूर्यवंशी को 1-1 लाख रुपये की राशि के चेक वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त, राम सकल आयाम, भुनेश श्रीवास्तव, सुनील तथा शिव प्रसाद चेरवा को क्रमशः 50-50 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। प्रभारी मंत्री के द्वारा शिविर में ग्रामीणों को जल संसाधनों के सतत एवं विवेकपूर्ण उपयोग की जानकारी दी गई और "पानी बचाओ" की सामूहिक शपथ दिलाई गई। उपस्थित ग्रामीणों ने जल संरक्षण हेतु अपने कर्तव्यों का निष्ठा से पालन करने का संकल्प लिया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, जिला सदस्य श्री राजेश साहू, उदित नारायण, रामजीत लकड़ा, अनीता सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष जानकी बाई खुसरो, जनपद सदस्य पूजा कोल, कविता बसोर, रवि कुमार, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने शिविर की सफलता में सक्रिय भूमिका निभाई और ग्रामीणों की समस्याओं का यथासंभव समाधान सुनिश्चित किया।

## पाकिस्तान की अदिति को खुफिया जानकारियां दे रहा था

अहमदाबाद (एजेंसी)। गुजरात एटीएस ने कच्छ से एक शख्स सहदेव सिंह गोहिल को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वह बीएसएफ और नेवी की मौजूदा सैन्य इकाइयों की फोटो-वीडियो वॉट्सएप के जरिए पाकिस्तानी एजेंट को भेज रहा था। सहदेव कच्छ के लखपत तालुका में स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर नौकरी कर रहा था। एटीएस के मुताबिक, जून 2023 में एक महिला ने खुद को अदिति भारद्वाज बताकर गोहिल से वॉट्सएप पर संपर्क किया था। बताया जा रहा है कि गोहिल को पहली बार संवेदनशील सूचनाएं भेजने पर 40 हजार रुपए कैश मिले थे। इससे पहले एटीएस ने 7 जुलाई 2023 को भी कच्छ के अन्य एक युवक को अदिति नाम की लड़की के लिए ही जासूसी करने के आरोप गिरफ्तार किया था भारत में रहते हुए पाकिस्तान को खुफिया जानकारियां देने वाला सहदेव पाकिस्तानी एजेंसी के संपर्क में कैसे आया, कितने समय तक संपर्क में रहा? सहदेव को किस तरह की सूचनाएं देने का काम सौंपा गया था?

## केरल में लाइबेरिया का कार्गो शिप डूबा

कोच्चि (एजेंसी)। केरल में कोच्चि तट पर लाइबेरिया का कार्गो शिप एसएससी एल्सा 3 डूब गया। इंडियन कोस्ट गार्ड और नेवी ने सभी 24 क्रू मेंबर्स को बचा लिया गया। शिप पर लदे 640 कंटेनर्स में कैल्शियम कार्बाइड, डीजल, फर्नेस ऑयल समेत कुछ खतरनाक केमिकल्स भरे थे। शिप 23 मई को केरल के ही विझिनजाम पोर्ट से कोच्चि के लिए रवाना हुआ था। 24 मई को दोपहर करीब 1ः25 बजे कोच्चि तट से 38 समुद्री मील की दूरी पर करीब 26 डिग्री तक झुकने की खबर दी गई। इमरजेंसी की सूचना मिलते ही कोच्चि में आईसीजी के मरीन रेस्क्यू सब सेंटर ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। देर शाम तक रूस, यूक्रेन, जॉर्जिया और फिलीपींस के 24 क्रू मेंबर्स में से 21 को बचा लिया गया। बाकी तीन सीनियर क्रू मेंबर शिप को डूबने से बचाने की कोशिश के लिए शिप पर ही रहे। हालांकि, शिप का झुकाव बढ़ता रहा और आज वह डूब गया। नेवी शिप आईएनएस सुजाता ने बाकी तीन क्रू मेंबर्स को भी बचा लिया। शिप के एक तरफ झुकने की वजह का अभी पता नहीं चला है।

## ज्योति के मोबाइल-लैपटाप से डिलीट की गई चैट-वीडियो मिले

हिसार (एजेंसी)।पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में पकड़ी गई हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के मोबाइल और लैपटॉप से डिलीट किया डेटा रिकवर हो गया है। इसमें कई वीडियो और चैटिंग शामिल हैं। फोरेंसिक लैब से यह डेटा पुलिस को भेज दिया गया है। पुलिस सोर्सेज के मुताबिक इस डेटा से पुलिस को कुछ संदिग्ध चीजें मिली हैं, जिन्हें जांच में शामिल किया जा रहा है। ज्योति का 4 दिन की रिमांड सोमवार (26 मई) को खत्म हो रहा है।

# मुयमंत्री ने नई दिल्ली में मन की बात के 122वें संस्करण का किया श्रवण

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राष्ट्रवासियों से निरंतर संवाद के माध्यम मन की बात के 122वें संस्करण का नई दिल्ली प्रवास के दौरान श्रवण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मन की बात कार्यक्रम का श्रवण करने के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मन की बात कार्यक्रम जन संवाद का अनूठा माध्यम है। यह कार्यक्रम राष्ट्र निर्माण की दिशा में सामूहिक चेतना जागृत करने का अनुपम प्रयास है।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का मन की बात कार्यक्रम युवा शक्ति, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण, पर्यावरण संरक्षण और नवाचार से लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने वाला संवाद कार्यक्रम है, जो राष्ट्रवासियों को नई ऊर्जा और दिशा देता है। प्रधानमंत्री के ओजस्वी, प्रेरणादायक और दूरदर्शी विचार राष्ट्रसेवा, सामाजिक जागरूकता और जनहित में कार्य करने की सतत प्रेरणा देते रहते हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात में बताया कि पिछले वर्षों में मधुमक्खी पालन क्षेत्र में भारत में एक क्रांति हुई है। आज से 10-11 साल पहले भारत में वार्षिक शहद उत्पादन 70-75 हजार मीट्रिक टन होता था। आज यह बढ़कर करीब सवा लाख मीट्रिक टन के आसपास हो गया है। इस तरह शहद उत्पादन में करीब 60 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री के एकता के सूत्र में पिरोने वाले %मन की बात% कार्यक्रम के प्रेरणादायी संवाद से जुड़कर %सशक्त भारत% की दिशा में कदम बढ़ाएं।

## मोदी बोले- जाति जनगणना से लोगों को मुख्यधारा में लाएंगे



नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भाजपा-एनडीए शासित 19 राज्यों के सीएम-डिप्टी सीएम के साथ दिल्ली के बैठक की। इसमें गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे।सूत्रों के हवाले से कहा- बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि जाति जनगणना उनकी सरकार के उस मॉडल की दिशा में एक कदम है, जिसके तहत वे हाशिए पर पड़े लोगों और हर क्षेत्र में पिछड़े लोगों को विकास की मुख्यधारा में लाएंगे। पीएम ने ये भी कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता इसकी पुष्टि करती है कि देश ने आत्मनिर्भरता की दिशा में कई उपलब्धियां हासिल की हैं।

स्वदेशी डिफेंस टेक्नोलॉजी ने सटीक निशाना लगाते हुए पाकिस्तान के ड्रोन-मिसाइल मार गिराए।पीएम मोदी ने भाजपा-एनडीए शासित राज्य सरकारों को गुड गवर्नेंस अपनाने का भी कहा है। केंद्रीय मंत्री नड्डा ने कहा- मीटिंग में ऑपरेशन सिंदूर और जनगणना को लेकर प्रस्ताव पास हुआ। मोदी 3.0 के एक साल पूरे होने, इंटरनेशनल योग डे 10 साल पूरे होने और देश में लगी इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने जैसे कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार किया गया।

## पहलगाम हमले के बाद अमरनाथ यात्रा में हाई सिक्योरिटी



पहलगाम (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद इस साल अमरनाथ यात्रा अपने इतिहास की सबसे कड़ी हाई सिक्योरिटी में होने जा रही है। सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया- 2024 में जहां कुल 40 हजार जवान तैनात थे। वहीं इस बार 35 हजार जवानों की तैनाती 60ढ्ढद्व वाले दोनों यात्रा रूट पर ही रहेगी।

इसके अलावा, जम्मू से पवित्र गुफा तक की सुरक्षा 1 लाख जवान संभालेंगे। दोनों रूट हाई रेजोल्यूशन और फेस रिकग्निशन टेक्नोलॉजी वाले 4 हजार सीसीटीवी कैमरों से लैस रहेंगे। इन्हें 6 कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। बंकर भी बनाए जा रहे हैं।

जम्मू से पवित्र गुफा तक दो यात्रा रूट हैं। पहला- 14 किमी लंबा बालटाल रूट, जो बेस कैंप से गुफा तक 14 किमी लंबा है। दूसरा- पहलगाम रूट जो बेसकैंप से गुफा तक 46 किमी लंबा है। 3 जुलाई से शुरू होने वाली इस तीर्थयात्रा के लिए देशभर से 4 लाख से अधिक श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं।

## देश में 2 दिन में कोरोना से 2 मौतें



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में कोरोना के नए वैरिएंट से 2 दिन में 2 मरीजों की मौत हो गई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक- बेंगलुरु में कोरोना पीड़ित 84 साल के बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया है। इससे पहले ठाणे में 21 साल के युवक की मौत हुई थी।

बीते दिन शनिवार को 23 नए कोरोना केस सामने आए। महाराष्ट्र के ठाणे में 8, राजस्थान-कर्नाटक में 5, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3, मध्य प्रदेश के इंदौर में 2 और यूपी के नोएडा में एक मामला सामने आया है। कुल एक्टिव केसों की संख्या 363 पहुंच गई है।

देशभर में बढ़ते मामलों के बीच शनिवार को केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने समीक्षा बैठक की। इस बैठक में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेज और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल के अधिकारी शामिल हुए। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि कोविड के नए मामले केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों से सामने आए हैं।

## दिल्ली एयरपोर्ट की पार्किंग का शेड फटा, 49 फ्लाइट डायवर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में शनिवार रात आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश हुई। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट की पार्किंग का वीडियो वायरल है। इसमें वाहन जिस शेड के नीचे पार्क किए गए हैं वो बारिश के कारण फट गया। बारिश के कारण एयरपोर्ट पर 100 से ज्यादा फ्लाइट भी प्रभावित हुईं। दिल्ली एयरपोर्ट के मुताबिक शनिवार रात 11ः30 बजे से रविवार सुबह 4ः00 बजे तक 49 फ्लाइट्स डायवर्ट की गईं। मौसम विभाग ने बताया कि दिल्ली में 82 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी चली। 3.2 इंच बारिश हुई। मिंटो रोड, मोती बाग और दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल-1 के अलावा कई सड़कों पर पानी भर गया।

इधर, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु के बाद मानसून की एंट्री महाराष्ट्र में हो गई है। रविवार को पश्चिमी महाराष्ट्र के जिलों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने इन जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग ने रायगढ़, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग, सातारा, पुणे, कोल्हापुर सहित पहाड़ी इलाकों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मुंबई और कोंकण में प्री-मानसून बारिश ने दस्तक दे दी है।. मध्य प्रदेश में भी समय से पहले मानसून की एंट्री हो सकती है। जून के पहले हफ्ते में तेज बारिश का दौर शुरू होगा।

## विराट-अनुष्का ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए

**अयोध्या ( एजेंसी )।** विराट कोहली और अनुष्का शर्मा रविवार सुबह अयोध्या पहुंचे। दोनों ने सुबह 7 बजे रामलला के दर्शन किए। दोनों गर्भगृह में करीब 10 मिनट रहे। हालांकि राम मंदिर में विराट-अनुष्का की तस्वीरें सामने नहीं आई हैं।

मंदिर के सीओ आशुतोष तिवारी ने बताया- विराट और अनुष्का को प्रोटोकॉल के तहत अंदर ले जाया गया। वरिष्ठ पुजारी संतोष तिवारी ने रामनामी पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

रामलला के दर्शन करके दोनों करीब 8 बजे हनुमानगढ़ी पहुंचे। विराट ने सवा किलो लड्डू और फूलों की माला चढ़ाई। पुजारी ने उन्हें सफेद और लाल रंग के फूलों की दो मालाएं पहनाईं। सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया।



अनुष्का को भी पुजारी ने पीले रंग की दो मालाएं पहनाकर आशीर्वाद दिया। इसके बाद महंत ने दोनों को शॉल ओढ़ाई। विराट ने अनुष्का का हाथ पकड़कर मंदिर की परिक्रमा भी की। दोनों वहां करीब 20 मिनट रुके।

विराट-अनुष्का ने राम मंदिर के पुजारी से मंदिर की नक्काशी के बारे में बात की। सूत्रों के मुताबिक दोनों ने मंदिर के प्रथम तल के निर्माण कार्य को भी देखा।

## तय समय से 8 दिन पहले केरल पहुंचा मानसून

नई दिल्ली (एजेंसी)। मानसून शनिवार को केरल पहुंच गया। यह अपने तय समय से 8 दिन पहले पहुंचा है। मौसम विभाग के मुताबिक 16 साल में ऐसा पहली बार हुआ जब मानसून इतनी जल्दी आया है। 2009 में मानसून 9 दिन पहले पहुंचा था। वहीं, पिछले साल 30 मई को दस्तक थी। मानसून चार दिन से देश से करीब 40-50 किलोमीटर दूर अटका था और शुक्रवार शाम आगे बढ़ा। इसके आज ही तमिलनाडु और कर्नाटक के कई इलाकों में भी पहुंचने की संभावना है। एक हफ्ते में देश के दक्षिणी और पूर्वोत्तर राज्यों जबकि 4 जून तक मध्य और पूर्वी भारत को कवर कर सकता है। आम तौर पर मानसून 1 जून को केरल पहुंचता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। यह 17 सितंबर के आसपास वापस लौटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, मानसून की शुरुआत की तारीख और सीजन के दौरान कुल बारिश के बीच कोई संबंध नहीं है। इसके जल्दी या देर से पहुंचने का मतलब यह नहीं है कि यह देश के अन्य हिस्सों को भी उसी तरह कवर करेगा।

## पहलगाम हमले पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने जांगड़ा को हटाने की मांग की

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कांग्रेस ने भाजपा सांसद राम चंद्र जांगड़ा की इस टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई कि पहलगाम में पर्यटकों को आतंकवादियों से भिड़ जाना चाहिए था। पार्टी ने कहा कि सांसद को बर्खास्त किया जाना चाहिए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस मामले में माफी मांगनी चाहिए।

विपक्षी दल ने कहा कि प्रधानमंत्री और भाजपा नेतृत्व की चुप्पी को जांगड़ा के बयान की ''मौन स्वीकृति के तौर पर देखा जाना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि भाजपा नेता पहलगाम पीड़ितों





और सशस्त्र बलों को बदनाम करने के लिए एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ कर रहे हैं। इससे पहले भाजपा के कई नेता भी इस तरह की टिप्पणी कर चुके हैं जिनमें मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह और राज्य के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा शामिल हैं।

कांग्रेस ने दावा किया कि देवड़ा ने कहा था कि पूरी भारतीय सेना और बहादुर सैनिक मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं जबकि शाह को पहलगाम हमले में संलिप्त आतंकवादियों के धर्म को कर्नल सोफिया कुरैशी के धर्म से जोड़ने वाली उनकी टिप्पणी के बाद माफी मांगनी पड़ी थी। शाह की टिप्पणी के बाद आक्रोश पैदा हो गया था।

कर्नल कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ मीडिया को 'ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी थी। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर पोस्ट कर कहा, ''भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के शर्मनाक बयान ने एक बार फिर आरएसएस-भाजपा की ओछी मानसिकता को उजागर कर दिया।

## हिमाचल के पर्यटन स्थलों पर लौटी रौनक

शिमला (एजेंसी)। देश के मैदानी इलाकों में पड़ रही भीषम गर्मी से बचने के लिए बड़ी संख्या में टूरिस्ट पहाड़ों का रुख करने लगे है। खासकर पहलगाम आतंकी हमले के बाद टूरिस्ट कश्मीर के बजाय हिमाचल के पर्यटन स्थलों पर काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। इससे शिमला, मनाली, कसौली, नारकंडा और डलहौजी के होटलों में 60 से 90 प्रतिशत तक ऑक्यूपेंसी हो गई है।

प्रदेश के कई शहरों में वीकेंड पर इससे होटलों में कमरों के लिए मारामारी शुरू हो गई है। पहलगाम हमले के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने एडवांस बुकिंग कम कर दी थी और बीते एक महीने के दौरान कम पर्यटक पहाड़ों पर आए हैं। मगर अब पर्यटकों का पहाड़ों पर आना शुरू हो गया है।

आलम यह है कि शनिवार सुबह कालका-शिमला हाईवे पर कालका में ही ट्रैफिक जाम लगना शुरू हो गया था। शिमला के होटलों में 80 से 90 प्रतिशत, कसौली में 85 से 90 प्रतिशत, मनाली में 60 से 80 प्रतिशत, डलहौजी में भी 60 से 70 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी हो गई है। शिमला में भी टूरिस्ट व्हीकल की संख्या बढ़ने के बाद दिनभर ट्रैफिक जाम की स्थिति रही।

## एलन मस्क का स्टारलिंक भारत में जल्द देगा दस्तक, गांव-शहर हर जगह चलेगा हाई-स्पीड इंटरनेट




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के स्वामित्व वाली स्टारलिंक एक सैटेलाइट-आधारित इंटरनेट सेवा है। यह दुनिया के 100 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में पहले ही उपलब्ध है और अब इसे भारत में लॉन्च करने की तैयारी है। सरकार की तरफ से स्टारलिंक को हाल ही में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए एक पत्र जारी किया गया है, जिससे यह रास्ता लगभग साफ हो गया है कि स्टारलिंक भारत में जल्द इंटरनेट सेवाएं दे सकेगी। इस सेवा की खासियत यह है कि यह जमीन पर तारों और नेटवर्क पर आधारित पारंपरिक ब्रॉडबैंड की तुलना में कहीं ज्यादा तेज और लचीली है। स्टारलिंक छोटे-छोटे हजारों उपग्रहों के नेटवर्क के जरिए इंटरनेट पहुंचाता है जिससे किसी भी कोने में इंटरनेट मिल सकता है चाहे वो गांव हो, पहाड़ हो या फिर दूर-दराज का जंगल।

स्टारलिंक सेवा के लिए आपको हर महीने का सब्सक्रिप्शन चार्ज देना होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में मासिक शुल्क 3,000 से 7,000 रुपये तक हो सकता है। यह राशि आपके चुने गए डेटा प्लान और आपके भौगोलिक क्षेत्र पर निर्भर करेगी। इसके अलावा, एक बार का हार्डवेयर खर्च भी होगा, जिसमें वाई-फाई राउटर और सैटेलाइट डिश आती है जिसे 'स्टारलिंक किट' कहा जाता है।

## निधन-इस्तीफे से खाली हुई सीटों पर गुजरात की 2 समेत 5 विधानसभा सीटों पर 19 जून को वोटिंग

नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनाव आयोग ने रविवार को एक महत्वपूर्ण घोषणा की है कि चार भारतीय राज्यों में कुल पांच विधानसभा सीटों पर 19 जून को उपचुनाव कराए जाएंगे, और इन सभी सीटों के लिए मतगणना 23 जून को होगी। यह निर्णय इन सीटों पर उत्पन्न हुई रिक्तियों को भरने के लिए लिया गया है, जो या तो मौजूदा विधायकों के निधन या उनके इस्तीफे के कारण हुई हैं। इनमें से दो विधानसभा सीटें गुजरात में हैं। पहली कादी सीट है, जो मौजूदा विधायक करसनभाई पंजाबभाई सोलंकी के दुर्भाग्यपूर्ण निधन के बाद खाली हुई है। दूसरी सीट विसावदर है, जहाँ मौजूदा सदस्य भयानी भूपेंद्रभाई गंडूभाई के इस्तीफे के कारण उपचुनाव आवश्यक हो गया है।

अन्य राज्यों में, केरल की नीलांबुर सीट पर उपचुनाव होगा क्योंकि इसके मौजूदा सदस्य पी वी अनवर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसी तरह, पंजाब की लुधियाना सीट भी उपचुनाव के दायरे में है, क्योंकि मौजूदा सदस्य गुरप्रीत



बस्सी गोगी का निधन हो गया है। अंत में, पश्चिम बंगाल की कालीगंज विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव कराया जाएगा। यह सीट मौजूदा विधानसभा सदस्य नसीरुद्दीन अहमद के निधन के बाद खाली हुई है। इन उपचुनावों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इन विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व जल्द से जल्द बहाल हो सके, और स्थानीय जनता को उनके चुने हुए प्रतिनिधि मिल सकें। चुनाव आयोग ने इन उपचुनावों की तैयारी पूरी कर ली है और निष्पक्ष तथा सुचारु चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश-पाक सीरीज में सुरक्षा के लिए तैनात रहेगी सेना



**ढ़ाका ( एजेंसी )।** बांग्लादेश की टीम क्रिकेट सीरीज पहुंचने पाकिस्तान तो पहुंच गयी है पर उसे वहां आतंकवाद का खतरा सता रहा है। वहीं पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) भी टीम की सुरक्षा को लेकर परेशान है। जिसके बाद से ही उसने क्रिकेट सीरीज के दौरान सेना की सुरक्षा मांगी है। ऐसे में माना जा रहा है कि अब पाक और बांग्लादेश के बीच सीरीज के दौरान सेना तैनात रहेगी। शुरुआत में, बांग्लादेश को पाकिस्तान में पांच टी20 मैच खेलने थे पर सुरक्षा कारणों से अब को देखते हुए अब तीन टी20 मैच ही होंगे। पीसीबी के अनुसार सभी मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में रखे गये हैं। पीसीबी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के साथ सलाह के बाद ही कार्यक्रम में बदलाव किया है। बांग्लादेश की टीम को 28, 30 मई और 1 जून को तीन टी20 मैच खेलने हैं। ये मैच रात 8ः00 बजे से खेले जाएंगे। इस दौरान सिविल फोर्स के साथ साथ सेना भी तैनात रहेगी। सेना की जिम्मेदारी पुलिस और अर्धसैनिक बलों के साथ ही भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक मैनेजमेंट के साथ-साथ खेल स्थल सुरक्षा करना रहेगा जिससे किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटा जा सके। सुरक्षाबलों को बिना किसी बाधा के सीरीज के आयोजन का जिम्मा सौंपा गया है।

### पटना में बनेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल परिसर



**पटना ( एजेंसी )।** यहां के उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए अब एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल परिसर बनने जा रहा है। ये खेल परिसर राजधानी पटना के गर्दनीबाग में बन रहा है। 28.66 करोड़ की इस परियोजना को के लिए राज्य सरकार की सहमति मिल गयी हे। यह खेल परिससर करीब 10 एकड़ भूमि में बनाया जाएगा, जिसका कुल क्षेत्रफल 1200 वर्गमीटर होगा। इसमें 40,000 दर्शक बैठकर मैच का आनंद ले सकेंगे।

खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के लिए बनाये जा रहे इस परिसर में 10 क्रिकेट पिच बनायी जाएंगी। इसके इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय मानकों को ध्यान में रखते हुए इसमें हॉकी मैचों के लिए दो ऐस्ट्रो टर्फ भी लगाए जाएंगे। खेल आयोजनों और व्यवस्थाओं के संचालन के लिए एक प्रशासनिक ब्लॉक भी तैयार किया जाएगा। इसमें जिम, कैफेटेरिया सहित सभी आधुनिक सुविधाएं भी मिलेंगी। इससे राज्य के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच मिलेगा।

# बीसीसीआई ने इंग्लैंड दौरे के लिए घोषित की टीम

## शुभमन बने भारतीय टीम के नये टेस्ट कप्तान, ऋषभ उपकप्तान





**मुंबई ( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अगले माह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए युवा बल्लेबाज शुभमन गिल को नया कप्तान बनाया है। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत टीम के नये उपकप्तान होंगे। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने दौरे के लिए भारतीय टीम की घोषणा करते हुए युवाओं पर भरोसा जताया है। इससे पहले माना जा रहा था कि अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को कप्तानी की जिम्मेदारी दी जाएगी। बुमराह के अलावा केएल राहुल भी कप्तानी के दावेदार थे। रोहित शर्मा के टेस्ट प्रारुप से संन्यास लेने के बाद से ही माना जा रहा था कि भविष्य को देखते हुए बीसीसीआई शुभमन को कप्तान बनायगा और ये बात सही साबित हुई। भारतीय टीम को इंग्लैंड दौरे पर पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है, इसका पहला मैच 20 जून से लीड्स क्रिकेट स्टेडियम में होगा। अगरकर ने कप्तान के नाम की घोषणा करते हुए कहा कि शुभमन टीम के कप्तान रहेंगे और ऋषभ पंत टीम के उपकप्तान। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि बुमराह सभी मैच के लिए उपलब्ध रह पायेंगे। राहुल के बारे में अगरकर ने कहा कि राहुल ने पहले कप्तानी की, लेकिन तब मैं वहां नहीं था। हम उम्मीद करते हैं कि वह अच्छा प्रदर्शन करें। बुमराह के लिए फिट गेंदबाज के रूप में रहना अधिक महत्वपूर्ण है उनपर कप्तानी का अतिरिक्त बोझ नहीं डाला जा सकता। अगरकर ने जोर देकर कहा कि कप्तान को एक-दो सीरीज के लिए नहीं, बल्कि लंबे समय के लिए चुना जाता है। उन्होंने कहा कि आप कप्तान को एक-दो सीरीज के लिए नहीं चुनते, बल्कि दीर्घकालिक योजना बनाते हैं। हमें उम्मीद है कि शुभमन समय के साथ सीखेंगे।

वहीं अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के संन्यास को लेकर उन्होंने कहा कि विराट ने अप्रैल में ही अपनी संन्यास की योजना को लेकर जानकारी दे दी थी। वहीं अनुभवी तेज गेंदबाज मो शमी को टीम में शामिल नहीं किये जाने को लेकर अगरकर ने कहा कि शमी अभी पूरी तरह से फिट नहीं हैं। इसलिए उन्हें शामिल नहीं किया गया है। हाल में शानदार प्रदर्शन को देखते हुए प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह और आकाश दीप को शामिल किया गया है।

आकाश दीप

इंग्लैंड सीरीज के लिए भारतीय टेस्ट टीम

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, बी साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

टेस्ट सीरीज का कार्यक्रम

13 जूनः बेकेनहम में भारत बनाम इंडिया-ए

20 जूनः लीड्स में भारत बनाम इंग्लैंड

2 जुलाईः बर्मिंघम में भारत बनाम इंग्लैंड

10 जुलाईः लॉर्ड्स में भारत बनाम इंग्लैंड

23 जुलाईः मैनचेस्टर में भारत बनाम इंग्लैंड

31 जुलाईः द ओवल में भारत बनाम इंग्लैंड

## आरसीबी इस प्रकार पहुंच सकती है शीर्ष दो टीमों में

**मुम्बई ( एजेंसी )।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी ) की टीम को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लीग मैच में मिली हार के बाद से ही उसके शीर्ष दो टीम में रहने की संभावना कम हुई है पर समाप्त नहीं हुई है। आरसीबी के पास अभी भी अवसर बचा है पर उसे मंगलवार को होने वाले अंतिम लीग मैच में जीत हासिल करनी होगी और अन्य दो टीमों के परिणामों पर भी नजर रखनी होगी। हैदराबाद के खिलाफ हार से आरसीबी तीसरे स्थान पर खिसक गयी है। आरसीबी के अब 13 मैचों से 17 अंक हैं। वहीं पंजाब किंग्स के भी इतने ही अंक हैं पर पंजाब की टीम नेट रन रेट में बेंगलुरु से बेहतर होने के कारण उससे आगे हैं। ऐसे में आरसीबी को अब मंगलवार को अपने बचे हुए लीग मैच में ही जीत दर्ज करनी होगी। अगर वह इस मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स को हरा देती है, तो उसके 19 अंक हो जाएंगे। इस प्रकार वह एक बार फिर अंक तालिका में शीर्ष दो में पहुंच सकती है पर इसके साथ ही उसे अंक तालिका में पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के मुकाबलों पर भी निर्भर रहना पड़ेगा। अभी गुजरात टाइटंस 18 अंक के साथ नंबर एक पर है उसका एक मैच बाकी है। इसमें अगर वह जीती तो उसके 20 अंक हो जाएंगे। वहीं इसी प्रकार अगर पंजाब किंग्स अगर अपने दोनों मैच जीत ले तो उसके 21 अंक हो जाएंगे। ऐसे में आरसीबी अपना अंतिम मैच जीतकर भी शीर्ष दो से बाहर हो जाएगी। वहीं मुंबई इंडियंस प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली चौथी टीम है। उसके अभी 13 मैच से 16 अंक हैं। अगर वह अपना अंतिम मैच जीते तो उसके 18 अंक हो सकते हैं। इसके बाद भी वह शीर्ष-2 में नहीं आ पायेगी। मुंबई इंडियंस तब ही शीर्ष दो में पहुंच सकती है जब शीर्ष 3 में मौजूद टीमों में से कोई दो अपने सारे लीग मैच हार जाएं। आईपीएल के नियमों के अनुसार, अंक तालिका की शीर्ष्-2 टीमों के बीच क्वालीफायर-1 का मुकाबला होता है। इसका विजेता सीधे फाइनल के लिए क्वालीफाई करता है। वहीं क्वालीफायर-1 हारने वाला दूसरे क्वालीफायर में एलिमिनेटर मैच के विजेता से खेलता है।

## आईपीएल 2025 में 9 बल्लेबाजों ने 500 से अधिक रन बनाए




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में हर सीजन बल्लेबाजों ने रनों का अंबार लगाया है। 2025 सीजन में अब तक का रिकॉर्ड बना, जिसमें 9 बल्लेबाजों ने 500 से अधिक रन बनाए, जो टी20 क्रिकेट में बल्लेबाजी की बढ़ती आक्रामकता को दिखाता है। इससे पहले, 2018 और 2023 में 8-8 खिलाड़ियों ने यह उपलब्धि हासिल की, जबकि 2013 और 2024 में 7-7 बल्लेबाजों ने 500 रन का आंकड़ा पार किया। दरअसल 2025 सीजन में गुजरात टाइटन्स के साई सुदर्शन 638 रन बना चुके हैं, जबकि कप्तान शुभमन गिल भी 500 से ऊपर रन बना चुके हैं। सूची में तीसरे नंबर पर सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने 583 रन बनाए हैं। मिशेल मार्श 560 रन के साथ चौथे पायदान पर है। 559 रन के साथ यशस्वी जायसवाल सूची में पांचवें नंबर पर हैं। जबकि निकोल्स पूरन 511 रन के साथ छठे स्थान पर हैं। विराट कोहली भी 505 रन बना चुके हैं। केएल राहुल 504, जोस बटलर 500 रन बना चुके हैं। वहीं आईपीएल के 2018 सीजन में केएल राहुल (659 रन), डेविड वॉर्नर, और क्रिस गेल जैसे खिलाड़ियों ने 500 से अधिक रन बनाए, जिसने उस सीजन को बल्लेबाजी के लिए यादगार बनाया।

2023 में गिल (890 रन) और कोहली (639 रन) ने शानदार प्रदर्शन किया, और कुल 8 बल्लेबाजों ने 500 रन का आंकड़ा छुआ। इन सीजनों में बल्लेबाजों की निरंतरता और बड़े शॉट्स की रणनीति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इतना ही नहीं 2013 सीजन में माइकल हसी और कोहली (634 रन) जैसे खिलाड़ियों ने 500 प्लन रन बनाए, जबकि 2024 में कोहली (741 रन) और रुतुराज गायकवाड़ (583 रन) ने ऑरेंज कैप की दौड़ में 7 बल्लेबाजों को मुकाम तक पहुंचाया।

# पोलैंड - ओरलेन मेमोरियल भाला फेंक में दूसरे स्थान पर रहे नीरज चोपड़ा

**वारसा ( एजेंसी )।** भारत के शीर्ष भाला फैंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा यहां पोलैंड में आयोजित ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाये और दूसरे स्थान पर रहे। वहीं जर्मनी के जूलियन वेबर ने पहला स्थान हासिल किया। नीरज इस स्पर्धा में लय में नहीं थे। वह अंतिम दौर से पहले तीसरे स्थान पर थे। उन्होंने अपने छठे और अंतिम प्रयास में अपना भाला 84.14 मीटर की दूरी पर फेंका जिससे वह दूसरे स्थान पर आ पाये। वह अपने दूसरे और पांचवें प्रयास में 81.28 मीटर और 81.80 मीटर तक ही भाला फेंक पाये। इसके अलावा उनके बचे हुए तीन प्रयास फाउल रहे थे। वहीं जर्मनी के वेबर दूसरे दौर में 86.12 मीटर की दूरी तक थ्रो के साथ ही नंबर एक स्थान हासिल किया। इस मुकाबले में दो



बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये और 83.24 मीटर तक भाला फेंककर तीसरे स्थान पर रहे। नीरज ने पिछले साल 2024 फेडरेशन कप में 82.27 मीटर तक भाला फेंका था। उसके बाद ये पहली बार है जब नीरज किसी स्पर्धा में 85 मीटर से कम का थ्रो कर पाये हैं। उन्होंने इस साल पहली बार दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर तक भाला फेंका था।

# चेतेश्वर पुजारा ने चुनी ऑल टाइम इंडिया टेस्ट इलेवन

## द्रविड़ और बुमराह को दी खास जगह



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय टेस्ट टीम के भरोसेमंद बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने हाल ही में अपनी ऑल टाइम इंडिया टेस्ट इलेवन का ऐलान किया है। पुजारा ने इस टीम में देश के दिग्गज क्रिकेटरों को शामिल किया है, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में ऐतिहासिक प्रदर्शन किए हैं। उन्होंने यह टीम एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान साझा की। ओपनिंग के लिए पुजारा ने सुनील गावस्कर और वीरेंद्र सहवाग को चुना है। उन्होंने कहा कि दोनों का खेल एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत है गावस्कर शांत और संयमित, जबकि सहवाग आक्रामक और बेखौफ बल्लेबाज। नंबर तीन पर पुजारा ने खुद को नहीं, बल्कि राहुल द्रविड़ को रखा और यह स्वीकार किया कि द्रविड़ उनसे बेहतर खिलाड़ी रहे हैं। द्रविड़ को उन्होंने भारतीय क्रिकेट की दीवार बताते हुए सम्मान दिया। मिडिल ऑर्डर में चौथे नंबर पर सचिन तेंदुलकर, पांचवें पर विराट कोहली और छठे पर वीवीएस लक्ष्मण को रखा गया है। पुजारा ने कहा कि उन्होंने खिलाड़ियों की स्थिति उनके डेब्यू क्रम के आधार पर तय की है। उन्होंने लक्ष्मण की भूमिका को 'कम सराहे गए लेकिन अहम' बताया। गेंदबाजी आक्रमण की बात करें तो पुजारा ने दो स्पिनर और तीन तेज गेंदबाजों को शामिल किया है। स्पिन विभाग में अनिल कुंबले और आर अश्विन को चुना गया, जबकि तेज गेंदबाजी के लिए कपिल देव, जहीर खान और जसप्रीत बुमराह को जगह दी गई। बुमराह का चयन थोड़ा चौंकाने वाला था, क्योंकि उन्होंने अभी तक केवल 45 टेस्ट खेले हैं, लेकिन पुजारा का मानना है कि वे ऑल टाइम ग्रेट्स में गिने जा सकते हैं। विकेटकीपर के तौर पर पुजारा ने राहुल द्रविड़ का नाम लिया ताकि उन्हें एक अतिरिक्त खिलाड़ी शामिल करने का विकल्प मिल सके। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी विशेषज्ञ की बात करें, तो वह एमएस धोनी को चुनते। उन्होंने यह भी जोड़ा कि भविष्य में ऋषभ पंत इस स्थान के प्रबल दावेदार हो सकते हैं। इस तरह पुजारा की यह टेस्ट इलेवन अनुभवी और आधुनिक सितारों का संतुलित मिश्रण है। चेतेश्वर पुजारा ऑल टाइम टेस्ट इलेवन - सुनील गावस्कर, वीरेंद्र सहवाग, राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, वीवीएस लक्ष्मण, आर अश्विन, कपिल देव, अनिल कुंबले, जहीर खान, जसप्रीत बुमराह आदि।

# राहुल को टी20 में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए रखे भारतीय टीम - पीटरसन




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और दिल्ली कैपिटल्स के मेंटॉर केविन पीटरसन ने केएल राहुल की जमकर प्रशंसा की है। पीटरसन के अनुसार राहुल को 2026 टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर रखे। इसके साथ ही उन्हें चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा जाना चाहिये। भारतीय टीम में अभी विकेटकीपर बल्लेबाज के लिए कई विकल्प उपलब्ध हैं। चयनकर्ताओं के पास राहुल के अलावा ऋषभ पंत, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल और ईशान किशन जैसे अच्छे विकल्प हैं। राहुल 2022 विश्व कप के बाद से ही भारतीय टी20 टीम में शामिल नहीं हैं पर पीटरसन का मानना है कि उन्होंने इस सत्र में शानदार बल्लेबाजी कर अपनी वापसी के लिए मजबूत दावेदारी की है। ऐसे में वह विकेटकीपर-बल्लेबाज की भूमिका के लिए सबसे बेहतर हैं। पीटरसन ने कहा, ''मैं टी20 क्रिकेट में भारत के लिए राहुल को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजना चाहूंगा। मुझे लगता है कि आपके पास बहुत सारे सलामी बल्लेबाज हैं।'' इंग्लैंड के इस पूर्व कप्तान ने कहा, ''राहुल जिस तरह से अब क्रिकेट खेल रहे हैं, वह चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने और भारत के लिए विकेटकीपिंग करने के लिए मेरी पहली पसंद बन गये हैं।'' उन्होंने हाल में एकदिवसीय में भी शानदार प्रदर्शन किया था। राहुल ने पिछले साल के मध्य से लेकर आखिर तक बहुत सकारात्मक तरीके से खेला है। इसमें वह मैच विजेता बल्लेबाज के तौर पर भी उभरे हैं। इसके अलावा मैंने बल्लेबाजी के बारे में उसके साथ बहुत सारी शानदार बातचीत की है। इसमें वह बेहत गंभीर नजर आये। उन्होंने कहा, ''आपको बेहतर खिलाड़ी बनने के लिए हर प्रारूप के मुताबिक अपने खेल को लगातार विकसित करना होता है। एक उम्र पर पहुंचने के बाद यह बहुत कठिन होता है लेकिन राहुल ने अपने को बदला है।'' अगला टी20 विश्व कप भारत और श्रीलंका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। पिछले आईपीएल में 250 के आसपास का स्कोर आम बात थी, लेकिन पिचों की धीमी प्रकृति ने इस सत्र में बल्लेबाजी को मुश्किल बना दिया है। पीटरसन को इससे कोई परेशानी नहीं है। उन्होंने युवा विकेटकीपर बल्लेबाज अभिषेक पोरेल का उदाहरण देते हुए कहा कि लीग के दौरान लाये गये बदलाव पर काम कर के खेल में सुधार किया जा सकता है।

# एंजेलो मैथ्यूज कहेगें टेस्ट क्रिकेट को अलविदा, सफेद गेंद में खेल जारी रखेंगे

**कोलंबो ( एजेंसी )।** श्रीलंका क्रिकेट के दिग्गज ऑलराउंडर एंजेलो मैथ्यूज ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। 37 वर्षीय मैथ्यूज जून में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट के साथ अपने टेस्ट करियर का अंतिम मुकाबला खेलेंगे। यह मुकाबला 17 से 21 जून के बीच गॉल में खेला जाएगा। हालांकि, मैथ्यूज सफेद गेंद के प्रारूप यानी वनडे और टी20 क्रिकेट में अपने करियर को आगे बढ़ाते रहेंगे। मैथ्यूज ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा, कृतज्ञ ह्रदय और अविस्मरणीय यादों के साथ अब समय आ गया है कि मैं खेल के सबसे अद्भुत प्रारूप, टेस्ट क्रिकेट से विदा लूं। बांग्लादेश के खिलाफ जून में पहला टेस्ट मेरे अंतरराष्ट्रीय टेस्ट करियर का आखिरी मैच होगा। मैथ्यूज ने आगे लिखा कि अब समय आ गया है कि युवा पीढ़ी टेस्ट क्रिकेट में कमान संभाले। मैं सिर्फ सफेद गेंद क्रिकेट के लिए उपलब्ध रहूंगा। मैथ्यूज के टेस्ट करियर पर एक नजर डाले को उनका टेस्ट करियर शानदार रहा है। उन्होंने 2009 में अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की थी और अब तक 118 टेस्ट मैचों में 8167 रन बना चुके हैं। वह श्रीलंका की टेस्ट क्रिकेट की इतिहास में तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनसे आगे केवल कुमार संगकारा (12400 रन) और माहेला जयवर्धने (11814 रन) हैं। उनके करियर में 14 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं।



मैथ्यूज एक उपयोगी मध्यम गति के गेंदबाज भी रहे हैं, जिन्होंने टेस्ट में 33 विकेट झटके हैं। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने मैथ्यूज के इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्हें श्रीलंका क्रिकेट का असली सेवक बताया। बोर्ड ने कहा, 17 वर्षों तक आपके नेतृत्व, प्रतिबद्धता और प्रदर्शन ने हमें गौरवान्वित किया है। टेस्ट क्रिकेट में आपकी यादगार पारियां और जुनून ने कई युवा खिलाड़ियों को प्रेरित किया है। हम सफेद गेंद क्रिकेट में आपके भविष्य के योगदान की प्रतीक्षा करेंगे। मैथ्यूज के संन्यास के साथ ही श्रीलंका टेस्ट टीम एक नए युग में प्रवेश करेगी, जहां युवा खिलाड़ियों को अब बड़ी जिम्मेदारी निभानी होगी।

# क्रिकेट ढ़ांचे को बेहतर बनाने टी20 क्रिकेट लीग शुरु कर रहा कीनिया




**नैरोबी ( एजेंसी )।** अफ्रीकी देश कीनिया अब अपने क्रिकेट ढ़ांचे को बेहतर बनाने के लिए एक टी20 क्रिकेट लीग शुरु करने जा रही है। ये लीग सितंबर में शुरु होगी। लीग का पहला सत्र 25 दिन का होगा जिसमें छह फ्रेंचाइजी हिस्सा लेंगी। इसमें दुनिया भर के कम से कम पांच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया जा सकता है। क्रिकेट कीनिया और और कंपनी एओएस स्पोर्ट के बीच इस लीग के आयोजन को लेकर एक समझौता हुआ है। कीनिया के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर कैनेडी ओबुया ने कहा, 'यह बहुत बड़ा आयोजन होगा। यह रोमांचक होगा। यह रोमांचकारी होगा। इससे कीनिया में क्रिकेट को नई दिशा मिलेगी और वह तेजी से आये बढ़ेगा। कीनिया की तरफ से 90 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, 'किसी भी मैच के लिए एक टीम को चार विदेशी खिलाड़ियों को ही अंतिम एकादश में शामिल करने की अनुमति दी जाएगी। वहीं अन्य सभी खिलाड़ी स्थानीय होंगे। कीनिया की टीम का वर्तमान समय में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है पर एक समय वह अपने अच्छे प्रदर्शन के लिए जानी जाती थी। वह साल 2003 में एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल में भी पहुंची थी। अब ओबुया की तरह ही कई अन्य क्रिकेटरों को भी भरोसा है कि इस लीग से कीनियाई क्रिकेट आगे बढ़ेगा। भारत में आईपीएल शुरु होने के बाद से ही दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान सहित कई देशों में क्रिकेट लीग शुरु हुई है।

# रोहित-विराट के बगैर भी भारतीय टीम मजबूत : स्टोक्स



**लंदन,( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड के दौरे पर अगले महीने जाने वाली है। इसकी खास वजह ये है कि टीम में विराट कोहली और रोहित शर्मा नहीं होंगे क्योंकि इन दोनों ही दिग्गज ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के दौरान विराट कोहली और रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी के बावजूद भारत मजबूत होगा। भारत के पास बड़ी संख्या में वर्ल्ड क्लास बल्लेबाज हैं। बेन स्टोक्स 20 जून से शुरू होने वाली इस सीरीज में घरेलू टीम की अगुआई करेंगे। दिसंबर में बाएं पैर की मांसपेशियों की सर्जरी के बाद टीम में वापसी कर रहे 33 साल के स्टोक्स ने कहा कि कोहली के रूप में भारत को मैदान पर कड़ी चुनौती पेश करने वाले और प्रतिस्पर्धात्मक खिलाड़ी की कमी खलेगी। स्टोक्स ने इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में कहा कि भारत के बारे में एक बात यह है कि उनके पास स्तरीय बल्लेबाजों की बड़ी संख्या है, यह अविश्वसनीय है। स्टोक्स ने कहा कि शुरुआती टेस्ट में भारत को दबाव में लाने की जिम्मेदारी उनके गेंदबाजों पर होगी। उन्होंने कहा कि हम हमेशा टेस्ट मैच की शुरुआत में विपक्षी टीम को आउट करने की कोशिश करते हैं और फिर देखते हैं कि जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है, हम कैसे खुद को ढालते हैं।

मुझे पता है कि भारत ने दो बड़े संन्यास का सामना करना पड़ा है। वे भारतीय टीम और उनकी सफलता का एक अहम हिस्सा रहे हैं। कोहली की प्रतिस्पर्धी होने की क्षमता ने पिछले कुछ सालों में टीम की सफलता में बहुत योगदान दिया है। स्टोक्स ने आगे कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से मैदान पर उनकी कमी महसूस करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत को शायद मैच में उनकी मैदान पर कड़ी चुनौती पेश करने की क्षमता, उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता, जीतने की इच्छा की कमी खलेगी। उन्होंने नंबर 18 जर्सी को अपना बना लिया है, है ना? स्टोक्स ने कहा कि इसलिए हमने किसी भी भारतीय शर्ट के पीछे नंबर 18




नहीं देखा है। उनके खिलाफ नहीं खेलना निराशाजनक होगा क्योंकि हम दोनों एक दूसरे के खिलाफ खेलते रहे हैं, हम दोनों की मैदान पर एक जैसी मानसिकता होती है।



महिला सशक्तिकरण विशेष

# शहीद की पत्नी रेखा सिंह धैर्य और साहस से सेना में लेफ्टिनेंट बनी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** ग्राम फरेदा निवासी रेखा सिंह महिलाओं के साहस धैर्य और कठिन से कठिन परिस्थितियों से स्वयं को बाहर निकालने के सफल प्रयास कर अनूठा उदाहरण है। रेखा सिंह के पति दीपक सिंह भारतीय सेना के जाबाज सैनिक थे। उन्होंने 15 जून 2020 में लद्दाख के गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के धोखे से किए गए हमले का जोरदार मुकाबला किया। उन्होंने चीनी सैनिकों के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए अपने साथियों के साथ चीनी सेना को पीछे हटने के लिए मजबूर किया। लेकिन इस संघर्ष में दीपक सिंह मातृभूमि की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। उनके शहादत की खबर रीवा पहुंचने पर उनके परिवार के सदस्यों के साथ पत्नी रेखा पर जैसे वज्रपात हो गया। विवाह के केवल 15 माह के बाद रेखा ने अपने पति को खो दिया। दीपक सिंह को मरणोपरांत वीर चक्र से सम्मानित किया गया। प्रदेश सरकार ने शहीद के परिजन को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि प्रदान की।

रेखा सिंह के जीवन पर जैसे मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। जिस उम्र में नव विवाहित युवतियाँ वैवाहिक जीवन के मधुर सपनों में खोई रहती हैं उस उम्र में उन्हें अपने पति को खोना पड़ा। विवाह से पहले रेखा सिंह जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षिका के रूप में कार्य कर रही थीं। उच्च शिक्षित रेखा के मन में शिक्षक बनकर समाज की सेवा करने के सपने थे। विवाह के बाद उनके पति दीपक सिंह ने रेखा को अधिकारी बनने के लिए प्रेरित किया था। रेखा सिंह ने अपने पति की मृत्यु के बाद उनके सपने को पूरा करने का संकल्प लिया। रेखा सिंह को मध्यप्रदेश शासन की ओर से शिक्षाकर्मी वर्ग दो पद पर नियुक्ति दी गई। उन्होंने पूरी जिम्मेदारी से अपना शिक्षकीय दायित्व निभाया। लेकिन उनके मन में सेना में जाने की इच्छा लगातार बलवती होती रही। रेखा सिंह ने सेना में भर्ती होने के सपने को पूरा करने के लिए पूरी हिम्मत के साथ प्रयास जारी रखा। रीवा जिला प्रशासन तथा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ने सेना में चयन के संबंध में उचित मार्गदर्शन और संवेदनशीलता से सहयोग दिया। रेखा सिंह ने बताया कि जब कोई नव विवाहिता किसी कारणवश अपने पति को खो देती है तो परिवार और समाज उस बेटी के भविष्य को लेकर अनेक प्रश्नचिन्ह लगाता है तथा तरह-तरह के लांछन लगाकर भविष्य के आगे बढ़ने के सभी मार्ग बंद करने का प्रयास करता है। मैं ऐसे व्यक्तियों का मुंह बंद करने और अपनी बहनों को हौसला देने के लिए सेना में शामिल हुई हूँ। मुझे उचित मार्गदर्शन मिला। अपने प्रथम प्रयास में मुझे सफलता नहीं मिली। लेकिन दूसरे प्रयास में मेरा चयन भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर हुआ। मैंने चेन्नई में एक साल का प्रशिक्षण पूरा करके लेफ्टिनेंट के पद पर सेवाएं दे रही हूँ। यह संयोग ही है कि रेखा सिंह की पोधस्टग उसी क्षेत्र में है जहां पर उनके पति देश की रक्षा के लिए शहीद हुए थे।

विपरीत परिस्थितियों में हिम्मत से काम लेकर और कठिनाईयों में भी सकारात्मक दृष्टिकोण से हर स्थिति का सामना करते हुए रेखा ने अप्रतिम उपलब्धि हासिल की। जिन परिस्थितियों में महिलाएं ही नहीं अधिकतर लोग टूटकर बिखर जाते हैं उनसे बाहर निकालकर सेना में लेफ्टिनेंट बनकर रेखा सिंह ने महिला सशक्तिकरण का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है।

# सतना में खड़ी सूत्र सेवा बस में लगी आग




## टायर से शुरू होकर डीजल टैंक तक पहुंची, धमाका सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने दमकल को बुलाया

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** सतना के चकदही गांव में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात सूत्र सेवा की खड़ी बस में आग लग गई। घटना रात करीब डेढ़ की है।बस में सबसे पहले टायर में आग लगी। आग धीरे-धीरे बढ़ती हुई डीजल टैंक तक पहुंच गई। डीजल टैंक में आग लगने से तेज धमाका हुआ। धमाके से आसपास के लोग दहशत में आ गए। राहगीरों और ग्रामीणों ने तुरंत दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पा लिया।

**पंचायत भवन में सो रहा था कंडक्टरः** रामपुर बघेलान के टीआई संदीप चतुर्वेदी के अनुसार घटना के समय बस में कोई नहीं था। बस का कंडक्टर गांव के पंचायत भवन में सो रहा था। यह बस सतना से चकदही रूट पर चलती है।नगर निगम ने 7 मई को सतना से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 6 सूत्र सेवा बसों का संचालन शुरू किया था। घटना वाली बस शाम को यात्रियों को लेकर चकदही पहुंची थी। रात वहीं रुकने के बाद सुबह उसे सतना के लिए रवाना होना था। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

# थानों में जब्त वाहनों की होगी नीलाम, 640 वाहन चिन्हित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिले के विभिन्न थानों में जब्त लावारिस वाहनों की पुलिस विभाग द्वारा नीलाम की जाएगी। दरअसल पुलिस थानों में बड़ी संख्या में लावारिस वाहन जप्त होते हैं। कई बार बदमाश चोरी के बाद वाहनों के इंजन नंबर व चेचिस नंबर क्षतिग्रस्त कर देते हैं। जिससे उनके मालिकों का पता नहीं चल पाता है। जो सालों तक थानों में ही पड़े रहते हैं। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देश पर पूरे जिले की पुलिस लावारिस वाहनों को चिन्हित कर उनको नीलाम करने की कवायद कर रही है। करीब 640 वाहन चिन्हित किए गए हैं जिनको नीलाम कराया जाएगा। इसमें सबसे ज्यादा वाहन समान थाने में हैं।

# रीवा में तेज रफ्तार कार ने छात्र को मारी टक्कट, हालत गंभीर

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह एक तेज रफ्तार कार चालक ने पैदल जा रहे छात्र को टक्कट मार दी। हादसे में छात्र, गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कार चालक को घेर लिया। जिसके बाद ड्राइवर, अपनी गलती मानते हुए घायल छात्र को कार में बिठाकर उपचार के लिए अस्पताल ले गया। हादसा जनता कॉलेज गेट के पास हुआ। घायल छात्र के दोस्त ने बताया कि वह कोचिंग से वापस घर लौट रहा था तभी हादसे का शिकार हो गया।

# वाटर पार्क में परिवार के साथ मारपीट, डीआईजी से शिकायत

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** बेला में स्थित वाटर पार्क में घूमने गए एक व्यापारी और उनके परिवार के साथ सिक्योरिटी गार्ड्स द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने डीआईजी कार्यालय रीवा में पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत की है। जानकारी के मुताबिक रेस्टोरेंट संचालक परिणय चौधरी और उनकी रिश्तेदार सुगंधा श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार को भतीजे सारांश का जन्मदिन मनाने के लिए वे बेला स्थित वाटर पार्क गए थे। सभी ने एंट्री फीस देकर प्रवेश किया और नहाने से पहले सामान सुरक्षित स्थान पर रख दिया। जब कुछ देर बाद जब वे लॉकर देखने पहुंचे तो उनका सारा सामान जिसमे जरूरी कागजात, मोबाइल, पैसे भीगे हुए मिले। सुगंधा श्रीवास्तव ने जब वाटर पार्क प्रबंधन से शिकायत की, तो कहासुनी हो गई। उसी दौरान ब्लैक टी-शर्ट पहने सिक्योरिटी गार्ड्स ने डंडों से हमला कर दिया। गार्ड्स ने महिलाओं और मासूम बच्चों तक को नहीं छोड़ा। वहीं इस मामले में डीआईजी राजेश सिंह चंदेल ने मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की बात कही है।

# नशे में धुत कार चालक ने स्कूटी को मारी टक्कर, एक की मौत

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में सिलपरा के समीप बीती देर रात एक कार चालक ने स्कूटी सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। [ड्डस्रस्र ] जिसमें से एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। हादसे की सूचना पर पहुंची बिछिया थाना पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है वहीं घायल को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना के संबंध में मृतक राजीव सिंह परिहार निवासी खुटेही के रिश्तेदार शिवेंद्र सिंह ने बताया कि राजीव गाड़ी की बुकिंग लेकर डिहिया गए थे। जहां से देर रात करीब 11 बजे स्कूटी से राजीव अपने एक अन्य साथी के साथ वापस लौट रहे थे। इसी दौरान सिलपरा नहर के समीप कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी, जिसमें राजीव की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि कार सवार युवक शराब के नशे में धुत था । टक्कर मारने के बाद युवक कार छोड़कर भाग निकला, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया। कार के अंदर शराब की बोतलें भी बरामद हुई हैं। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है।

# रीवा में तेज रफ्तार बाइकों की भिड़ंत में तीन युवकों की मौत

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के [19] पलहान गांव के पास शनिवार रात बड़ा सड़क हादसा हो गया। दो बाइकों की टक्कर में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हे संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों तेज़ रफ़्तार बाइकों पर तीन-तीन लोग सवार थे। पलहान गांव के चढ़ाई मोड़ के पास दोनों बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही तीन लोगों की जान चली गई। संजय गांधी अस्पताल के प्रवक्ता डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि हादसे में जितेंद्र रावत और मोहित रावत निवासी वार्ड क्रमांक बैकुंठपुर और मुनिराज कोल निवासी हरदी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल राजीव, सनी कोल और छेदी कोल को गंभीर हालत में संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

तीन दशक में 90% घटा जलप्रवाह, 3000 से घटकर 300 लीटर प्रति सेकंड रह गया

# 30 साल में विलुप्त हो सकती है मंदाकिनी नदी

## 31 सालों के वैज्ञानिक अध्ययन में निकाल ये चिंताजनक निष्कर्ष

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** चित्रकूट की पवित्र मंदाकिनी नदी के अस्तित्व पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार अगले 30 सालों में ये नदी पूरी तरह विलुप्त हो सकती है। नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय दो दिवसीय दौरे पर सतना पहुंचे हैं। वे चित्रकूट में मंदाकिनी नदी के घाट पर गंगा आरती में भी शामिल होंगे।

ग्रामोदय विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग प्रमुख प्रो. घनश्याम गुप्ता ने 31 सालों के वैज्ञानिक अध्ययन में ये चिंताजनक निष्कर्ष निकाला है। मंदाकिनी मध्य प्रदेश की 22 सबसे प्रदूषित नदियों में शामिल है। मंदाकिनी प्रदेश की अंतिम नदी है जो यमुना में मिलती है

सती अनुसुइया आश्रम से निकलने वाली मंदाकिनी नदी 40 किलोमीटर की यात्रा के बाद उत्तर प्रदेश के राजापुर में यमुना से मिलती है। ये प्रदेश की अंतिम नदी है जो यमुना में मिलती है। यमुना आगे चलकर प्रयागराज में गंगा से मिलकर संगम बनाती है।



**बढ़ता न्यूट्राफिकेशन भी नदी के लिए घातकः** प्रो. गुप्ता के अनुसार, स्वस्थ नदी के चार महत्वपूर्ण मानक होते हैं- जल प्रवाह, घुलित ऑक्सीजन, बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड और न्यूट्राफिकेशन। मंदाकिनी में घुलित ऑक्सीजन का स्तर खतरनाक रूप से कम हो गया है। बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड बढ़ गया है। नदी का जल प्रवाह भी काफी कम हो गया है। बढ़ता न्यूट्राफिकेशन भी नदी के लिए घातक साबित हो रहा है।

**तीन दशक में 10 गुना घटा जल प्रवाहः** प्रो. गुप्ता ने बताया कि वर्ष 1993 में मंदाकिनी नदी का जलप्रवाह 3 हजार लीटर प्रति सेकेंड था। जो मौजूदा समय में घट कर 300 लीटर प्रति सेकेंड पर पहुंच गया है। साफ है कि इन 30 सालों के दौरान मंदाकिनी के जल प्रवाह में 10 गुना गिरावट आई है। यही हाल रहा तो आशंका है कि आने वाले 30 सालों में यही जल प्रवाह गिर कर 30 लीटर प्रति सेकेंड हो जाएगी। अगर, किसी नदी के जल का प्रवाह 50 लीटर प्रति सेकेंड से नीचे चला जाता है तो उसे डेड रिवर (मरी हुई नदी) मान लिया जाता है। दुर्भाग्य से रामायण, रामचरित मानस और पुराणों में वर्णित त्रेतायुगीन मंदाकिनी गंगा मृत्यु की उसी राह पर है। साइंटिफिक एनॉलसिस बताता कि 30 वर्ष यह नदी नहीं मिलेगी।

**सीवेज से जहरीला हो रहा 150 लीटर शुद्ध पानीः** ग्रामोदय के पर्यावरण एवं ऊर्जा विभाग के प्रमुख प्रो.घनश्याम गुप्ता की स्टडी से ये बात भी सामने आई है कि मंदाकिनी के जल में जहां घुलित आक्सीजन की मात्रा तेजी से घट रही है। वहीं बायोकेमिकल आक्सीजन डिमांड (बीओडी) बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि नदी में छोड़े जा रहे सीवेज (गंदे पानी) पर लगाम नहीं होने से मौजूदा समय में मंदाकिनी में बीओडी की मात्रा खतरनाक स्तर तक पहुंच चुकी है। किसी भी हालत में जल में बीओडी की मात्रा प्रति लीटर पर 5 मिलीग्राम से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। मगर, मौजूदा समय में चित्रकूट की मंदाकिनी में कहीं भी ये स्तर 35-40 मिलीग्राम से कम नहीं है। मानवीय हस्तक्षेप वाले रामघाट और भरतघाट पर तो बायोकेमिकल आक्सीजन डिमांड तय मानक से 150 गुना ज्यादा है। साफ है कि नदीं में गिरने वाला एक लीटर सीवेज 150 लीटर शुद्ध जल को प्रदूषित कर रहा है।

**चलाया जाएगा जागरूकता अभियानः** मंदाकिनी नदी को बचाने के लिए प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलवट एवं यूपी के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह की मौजूदगी में 25 एवं 26 मई को डीआरआई में विचार मंथन किया जाएगा। विशेषज्ञों की राय के बाद मंदाकिनी के घाटों पर जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा।

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत राज संस्थाओं के उप चुनाव के लिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। इसमें एक जनवरी 2025 की अर्हता तिथि को आधार मानकर नए मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 26 मई तक अधिकारियों को प्रशिक्षण देने तथा शिफ्टिंग सूची के सत्यापन का कार्य करेंगे। मतदाता सूची बनाने वाले वेण्डर 30 मई को शिफ्टिंग, जाँच और संशोधन के लिए चेकलिस्ट रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रदान करेंगे। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 5 जून को किया जाएगा। इस संबंध में मतदाताओं तथा जनप्रतिनिधियों को जानकारी देने के लिए 5 और 6 जून को स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की जाएंगी। मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 5 से 11 जून तक प्राप्त की जाएंगी। दावे आपत्तियों का निराकरण 17 जून तक किया जाएगा। इसकी चेकलिस्ट 20 जून तक तैयार करके चेकलिस्ट में सुधार के बाद 21 जून को वेण्डर को उपलब्ध करा दिया जाएगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची 23 जून तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं वेण्डर द्वारा जनरेट की जाएगी। इसे 23 जून को ही वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

# सिंगल यूस प्लास्टिक के विकल्प के रूप में शुरू होगा स्टील बर्तन बैंक

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक सिंगल यूस प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करने के लिए रीवा में स्टील बर्तन बैंक की स्थापना की जा रही है। यह कार्य कल्पना कल्याण समिति द्वारा नगर निगम रीवा एवं मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। सिंगल यूस प्लास्टिक के विकल्प के रूप में स्टील बर्तन बैंक की स्थापना महामृत्युंजय काम्प्लेक्स की दुकान नंबर 17 में की जाएगी। जहां से लोग सामाजिक तथा धार्मिक आयोजनों के लिए निःशुल्क स्टील के बर्तन ले सकेंगे। इस कार्य को अंतिम स्वरूप देने के लिए रविवार को विवेकानंद पार्क रीवा में विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, एवं विभागीय अधिकारियों साथ चर्चा की गई।

# परिवार को नहीं काटना पड़ेगा कार्यालयों के चक्कर, तत्काल मिलेगी सहायता

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जनपद पंचायत त्योंथर की 97 पंचायतो में किसी ग्रामीण की मृत्यु होने पर आश्रित परिवार को मृत्यु प्रमाण पत्र, अंत्येष्टि की राशि, राष्ट्रीय परिवार सहायता, कल्याणी पेंशन अथवा राशन के लिए कार्यालय के चक्कर नहीं काटना पड़ेगा।आम जनता को तत्काल लाभ दिलाने के उद्देश्य से नवागत सी ई ओ त्योंथर प्रवीण बंसोड के द्वारा जनपद त्योंथर का प्रभार लेते ही आदेश जारी कर ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया है, कि ग्राम पंचायत में किसी ग्रामीण की मृत्यु होने की सूचना मिलते ही तत्काल मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर पात्रतानुसार, संबल अंत्येष्टि,राष्ट्रीय



परिवार सहायता, कल्याणी पेंशन, राशन का लाभ प्रदाय करें। आश्रित परिवार को दुःख की इस घड़ी में लाभ लेने हेतु आवेदन करने किसी भी दशा में कार्यालय के चक्कर नहीं काटना पड़े। इस संबंध में कोई भी लापरवाही किसी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस हेतु समाजिक सुरक्षा अधिकारी अरविंद तिवारी को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

# युवा संगम कार्यक्रम सतपुड़ा आईटीआई रीवा में आज

## सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** जिला रोजगार कार्यालय एवं सतपुड़ा आईटीआई रीवा के संयुक्त तत्वाधान में 26 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सतपुड़ा आईटीआई रीवा में युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

# मऊगंज में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मऊगंज जिले में आकाशीय बिजली गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। घटना शाहपुर थाना क्षेत्र के पहाड़ी गांव में हुई। पहाड़ी निवासी अजय सोंधिया अपने तीन साथियों के साथ खेत में काम कर रहे थे। शनिवार शाम बारिश शुरू होने पर चारों एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरी और सभी उसकी चपेट में आ गए। आसपास के लोगों ने शोर सुनकर सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अजय की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें संजय गांधी अस्पताल रेफर किया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि रात होने के कारण मृतक का शव अस्पताल की मर्चुरी में रखा गया और रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# करियाझर बांध में जनजाति परिवार करेंगे मछली पालन

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा जिले के रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड की दूरस्थ ग्राम पंचायत इटार पहाड़ उन्नत ग्राम योजना में शामिल है। इस पंचायत के करियाझर गांव में मुख्य रूप से जनजाति परिवार निवास कर रहे हैं। उप संचालक मछली पालन डॉ. अंजना सिंह ने गांव का भ्रमण करके आदिवासी परिवारों को मछली पालन के लिए प्रेरित किया। इस संबंधम में उप संचालक ने बताया कि गांव के करियाझर बांध में लगभग साल भर पानी रहता है। इसमें पहाड़ के प्राकृतिक जल स्त्रोतों से पानी की निरंतर आवक होती है। जल गंगा संवर्धन अभियान में वन विभाग तथा ग्राम पंचायत मिलकर बांध के जल स्त्रोतों की सफाई और सुधार के कार्य करने की आवश्यकता है। ग्राम वासियों को मछली पालन विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी। उन्हें करियाझर बांध में मछली पालन के लिए प्रेरित किया गया साथ ही धरती आबा योजना का लाभ देने के लिए पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाये गये।



# स्विमिंग कम्पटीशन में अर्नव भट्ट ने हासिल किया प्रथम स्थान




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा में खेलो इंडिया के तहत आयोजित जिलास्तरीय स्विमिंग कम्पटीशन में अर्नव भट्ट ने प्रथम स्थान हासिल किया है। उपरहटी निवासी अर्नव भट्ट कक्षा 5वीं के छात्र हैं। एक निजी स्कूल के स्विमिंग पूल में आयोजित इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अर्नव भट्ट ने बताया कि इस कम्पटीशन के लिए उन्होंने काफी तैयारी की थी। उनकी इस सफलता पर परिवार जनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक/प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया ऑडीटर पब्लिकेशन प्रा.लिमि. राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय राजीव मार्ग निराला नगर रीवा से प्रकाशित, **संपादक संदीप द्विवेदी**, आर.एन.आई नं. 69082/97, डाक पंजीयन क्र.- म. प्र./ रीवा संभाग/ 46/2023-2025, प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9589645803, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।